॥ श्रीहरिः ॥

वीरविनोद

अथवा

कर्णपर्व

बलूंदा ठाकुरके पोलपात पातावत
शाखाके चारण जगरामजीके पुत्र

पद्मसिं[illegible]

विरचि[illegible]

ग्रन्थकर्तृस्वामीश्रीगणेशपुरीजीमहाराजनिर्मिततात्पर्यप्रकाशिकाख्य[illegible]
सहित

आसोपा दाधीच पण्डित बलदेवात्मज

पण्डित रामकर्ण

जयपुर वास्तव्य कासल्या दाधीच पण्डित माधवलालात्मज
जोधपुरवैदिकपाठशालाप्रधानाध्यापक

पण्डित भगवतीलाल

प्रकाशित

जोधपुर-प्रतापप्रैस यन्त्रालय
मुद्रित

सं० १९६२ मूल्य रु० ३)

॥ श्रीः ॥

भूमिका

विदित होकि इस संसारमें आजकल जैसी लोकोंकी रुचि सुगमता पर है वैसी कठिनता पर नहीं. जैसे कविता के विषय में देखिये. संस्कृत कविता चाहे सर्वोत्कृष्ट चमत्कार युक्त क्यों न हो परन्तु वैसा संस्कृत का ज्ञान व परिपाटी बिलकुल उठजाने के कारण लोक सुगमता समझकर भाषा कविता को ही परमप्रिय और हृदयानन्ददायिनी नव वधूवत् अंगीकार करते हैं; क्योंकि वो संस्कृत कविता व्याकरण साहित्यादि अनेक शास्त्रों की सहायता के बिना सुबोध नहीं, इसी से प्रौढा स्त्री के समान कठिन साध्य और दुष्करतया सेव्य है. इसलिये परमदयालु भाषाकवि स्वामिजी महाराज श्रीगणेशपुरीजी ने बडे परिश्रम के साथ महाभारत के कर्णपर्व का भाषा के दोहा कवितों में ललित और ओजगुण विशिष्ट वीर रस सूचक कविता में वीरविनोद नामक ग्रन्थ निर्माण करके चारण कुलोत्पन्न मरुस्थलान्तर्वर्त्ति मेड़ता प्रान्तगत चारणावास नामक ग्राम में जन्म पाये हुए अपने स्वर्गवासी पिता पद्मसिंहजी के चरण कमलों में अर्पण कर जगत् में अलौकिक पितृभक्ति प्रकट की और वीर रस को प्रत्यक्ष दिखाया.

यद्यपि यह ग्रन्थ पहिले संवत् १९५२ में अजमेर निवासि राजस्थान नामक समाचार पत्र के संपादक समर्थदानजी को छापनेकेलिये दिया गया था और

उन्होंने ४फार्म छापकर निकाले भी थे परन्तु खुद उक्त स्वामिजीको ही कहीं कहीं पदों में संदेह होनेके कारण फिर दुबारा हम लोकों की सहायता का आलम्बन कर संस्कृत कर्णपर्व से ठीक ठीक मिलाकर उन पदोंको बिलकुल बदल कर ठीक ठीक करदिया बल्कि कहीं कहीं छन्दके छन्दही बदल दिये और स्वमुखसे ही बहुत अच्छी टीका रूप टिप्पणी बनाई जिसमें कि कोई गूढ विषय अलग्न कहीं नहीं रहे और कहीं कहीं विशेष विषय भी रक्खा है जैसे हेमकोश से घोड़े और हाथियों के भेद और बसन्तराजसे शकुनका विषय इत्यादि कई विषय दिखाये हैं.

प्रकाशक पण्डित रामकर्ण
और पण्डित भगवतीलाल.

॥ श्रीरामो जयतितराम् ॥
॥ श्रीदधिमथी विजयते॥

एतद्ग्रन्थप्रकाशकपण्डित
रामकर्णशर्म-संक्षिप्त-वंशवर्णनम्॥

परोपकारैकपरायणोऽभू-
दथर्वसूनुर्भगवान्दधीचिः ॥
तदन्वयेऽभावि महोत्तमेन
ज्योतिर्विदा श्रीरघुनाथनाम्ना ॥१॥

तदात्मजः श्रीबलदेवनामा
विद्वान्महान्भागवतैकनिष्ठः ॥
स्वधर्मपालोऽतिपरोपकारी
विराजते योधपुरेऽतिरम्ये ॥ २ ॥

पतिव्रतामूर्धमणिर्वदान्या
धर्मे रता दीनदयार्द्रचेताः ॥
शृङ्गाररूपा सदनस्य साक्षा-
त्तद्धर्मपत्नी सिणगारनाम्नी ॥ ३ ॥

तयोः सुताः सन्ति पञ्च प्राणा इव सुसंमताः॥
रामकर्णाभिधस्तेषां ज्येष्ठो हरिपदे रतः ॥ ४ ॥

श्रीमद्भारतभास्करेतिपदभाग्वेदान्तभट्टाञ्चिता
नानाकाव्यकलाकलापकुशलाःसद्धर्मसंस्थापकाः
विद्यासिंधुसुधांशवोऽतिकरुणाःश्रीगट्टुलालाभिधा

स्तत्पादाम्बुरुहेषु यस्य सततं चेतो मिलिंदायते ॥
तस्मादवरजास्तेषु श्यामकर्णो महामतिः।
अंते संसेव्य मथुरां जगाम परमां गतिम् ॥६॥
लक्ष्मीनारायणस्तस्मादनुजोऽस्ति सहोदरः ॥
अनुजौ तस्य गोविन्दकृष्णनारायणाभिधौ ॥७॥
पुत्रवत्स्नेहसंयुक्तौ ज्येष्ठाज्ञावशवर्तिनौ ॥
जगदीशप्रसादेन लभेतां सततं शुभम् ॥ ८ ॥
गुणरसनवचन्द्रेऽब्दे पौषे शुक्ले त्रयोदशीदिवसे ॥
मुद्रितमेतत्पुस्तं प्रतापयन्त्रालये स्वीये ॥ ९ ॥

॥ श्रीरामो जयतितराम् ॥
॥ श्रीदधिमथी विजयते॥

एतद्ग्रन्थप्रकाशकपण्डित
भगवतीलालशर्म-संक्षिप्त-वंशवर्णनम् ॥

श्रीदाधीचकुलेऽभवच्छिरहरग्रामेऽभिरामेश्रिया
गीतागीतिसुगीतकीर्त्तिरनघःश्रीरामवत्सोद्विजः॥
जातास्तस्यचपाण्डवाइवसुताःपञ्चापिचैकासुता
तेषुज्येष्ठउदारबुद्धिरजनिश्रीमाधवःसत्कविः॥१॥
येनश्रीजयपत्तनेकिलनिजासंस्थापितास्वस्थितिः
तद्राजार्पितपाठकास्पदजुषादत्तास्वकीयास्वसा
नाम्नाचन्द्रकुमार्युराजगुरवे श्रीचन्द्रदत्ताय च
दत्तोदत्तकभावतोऽनुजघनश्यामश्चयोधेपुरे॥२॥
इदृस्त्वस्यचचन्द्रिकोदरभवंतस्यास्त्यऽपत्यत्रयं
ज्येष्ठो योधपुरीयवैदिकमहापाठाऽऽलयाऽध्यापकः
एतद्ग्रन्थप्रकाशकोभगवतीलालोऽस्मिमेचानुजा
दत्ताभैरववत्सनामभिषजेसास्तेगुलाबाभिधा॥३॥
तस्याआशुकवीतिचारुपदवीभाग्वर्त्ततेचानुजो
नित्यानन्दकशास्त्र्यसौममहाशिष्यःसुपुत्रोपमः
चत्वारोजयदेव-रामक-घनश्यामा-हरिस्तातका
एतद्वंशविवर्णनंखलुमयासंक्षेपतो वर्णितम्॥४॥

(१) "उ" इति पादपूरणाय. (२) अल्पेतातास्तातकाः पितृव्या इत्यर्थः ॥

॥ श्रीहरिः ॥

कवि-काव्यप्रशस्तिः ।

भुविविजयतां स्वामी विद्वत्कुले स यथा रविः
क्षितिभृदुदितः पद्मोल्लासी गणेशपुरीकविः ॥
बहुकृतिसुधां पीत्वा यस्याऽनिमेषमिमे पवि-
प्रमुखविबुधा मन्ये नैव स्मरन्ति निजं हविः१
अहमिति सदाऽऽशासे ग्रन्थं सुवीरविनोदकं
सकलपुरुषाः सेविष्यन्तेऽमुमेव नृमोदकम् ॥
क्षुधिततृषितो लोकः कोऽग्रेस्थितं ननु सोदकं
त्यजति मधुरं नेत्राऽऽकर्षि प्रदत्तमु मोदकम्।२।
श्रीगणेश कविराजहे धन्यं त्वां कथयाम ॥
कृत्वा ग्रन्थं प्रकटितं येन पद्मपितृनाम ॥३॥

इतिप्रशंसको दाधीच
आशुकवि पं० नित्यानन्दशास्त्री
पद्मसरघाटी-जोधपुर.

॥ श्रीगणेशायनमः ॥

वीरविनोदके विषयोंकी अनुक्रमणिका ॥

प्रथमयाम

द्वितीययाम

तृतीययाम

चतुर्थयाम

पंचमयाम

षष्ठयाम

सप्तमयाम

इति अनुक्रमणिका समाप्ता ॥

अथ वीरविनोदप्रारम्भः ।

श्री समित्रनंदनंदनस्तुति ॥

सोरठा ॥

पेखि पत्थ पर प्यार, वंदि चरन जदुबीरके ॥
सुभट करन रन सार, कह्यो चहैं पदमेस कवि[१]

श्री सक्रुंदनंदनंदनस्तुति॥

मनोहर छंद ॥

पाहनं[२] ससुरं[३] चोरे सत्यभामा चोरे तरुं[४],
चोरी वंसी राधिकानैं कह्यो फेर डरको[५] ॥
चोरी[६] कहौं रावरी तौ जीभ[७] नाँहिं लंबी चोरी,

---

(१) अर्जुन पर श्रीकृष्ण का प्यार देखकर, कवि ने स्तुति की. इसका तात्पर्य यह है कि अपनी भगिनी सुभद्रा के देने रूप न करने योग्य अर्थात् निन्दा हो वैसा कार्य्य प्यार के वश होकर श्रीकृष्ण ने करदिया तो स्तुति हो ऐसा ग्रन्थ के अमंगल का नाश करने रूप कार्य्य क्यों नहीं करेंगे ? ॥ १ ॥

(२) पाषाण विशेष अर्थात् मणि. (३) जामवन्त. (४) तरु विशेष अर्थात् कल्पवृक्ष(५.भला आदमी चोरी करता है वह दबता है यहां राधिकाजी नहीं डरी और कहा कि क्या डर है(६)दूध घृतादि की चोरी७मेरी जीभ.

चोरचो दधि दूध जामैं हिस्सा हलधरको॥
चोरनके चोर बसुदेव नंदराय चोर,
चोरन कौं जैने पारे मात चोर पैरको॥
जानों हरि! ग्रन्थ के अमंगल हू चोरे जैहैं,
जैहैं कित चोरीका स्वभाव सब घरको॥२॥

श्री गणेशस्तुति॥

रीति॰ रोम रोमकी पिछानैं मति तोम तैं तूं,

---

(१)दूध दही चुराने में बलदेवजीका हिस्साथा सो वे भी चोर हुए.(२)चोरों के चोर श्रीकृष्ण बलदेव रूप चोरों को चोरनेवाले.(३)देवकी ने(४)पाले यशोदाने (५) माता (६)इनसे दूसरा चोर कौन अर्थात् ये जामवंत आदि सब चोर हैं.॥२॥(७)इस कवित्त का प्रयोजन यह है॥कवि कहता है कि हे गणेश! तू "मतितोमनैं" नाम बुद्धियों के समूह से हमारे रोम रोम की रीति को जानता है. हम सोम नाम कपूर उसके जैसे शीतल और असोम नाम तद्विरुद्ध अग्नि अर्थात् गर्म अर्थात् तुझमें श्रद्धालु हैं या नहीं सो हम अपने मुख से नहीं कहेंगे। जन्म भर से जंगल में रहनेवाले ऋषि उनकी जिव्हा का जाप नाम यह कथन कि "गणेश के मंगल से अमंगल गल जाते हैं" सो "जो" नाम उस मंगल को हम लेंगे. जो कदाचित् तुम यह कहो कि हरि नाम विष्णु ने गरुड़ को छोड़ कर चक्रचलाकर नक्र नामग्राह को मारा उनकी बराबरी मुझ से नहीं होसकती क्योंकि मूष मेरा वाहन, मेरा पेट बड़ा इस से मैं नहीं दौड़ सकता

सोम कै? असोम? हम वक्रतैं न वोलैंगे ॥
मंगल तिहारेतैं अमंगल गलत जन्म,
जंगल निवासी ऋषि जीह जप जो लैंगे ॥
वैनतेय छोरि हरि चक्र छोरि नैंक मारयो,
आखु यित तुन्दी हाँ न डोलौं तो न डोलैंगे॥
ऋद्धिवंत हैं न वहैं सिद्धिवंत हैं न वहैं,
एकदंतवंत हैं असंत ऐसैं तोलैंगे ॥ ३ ॥
वेंहैं नाग सीस नच्यो नाग नचैं मेरे सीस,

"न तो डोलैंगे" नाम आप की भक्ति से हम न हटेंगे । परन्तु असन्त अर्थात् नास्तिक यह कहेंगे कि गणेश न तो ऋद्धिवाला है और न सिद्धिवाला है किन्तु एक दांतवाला है। एक दांतवाला कहने का यह प्रयोजन है कि एक समय रावण की सभा में देवता खड़े थे उस समय रावण ने गणेश का एक दाँत उखेड़ लिया और कहा कि यह बड़ा कुरूपवान् है।प्रयोजन यह है कि जिसने अपना ही दांत उखड़वा लिया तो दूसरे को ऋद्धि सिद्धि देना और अंमगल का नाश करना कहां है?॥३॥

ग्रंथ के रचना समय में प्रथम कवित्त खोया गया तब यह दूसरा कवित्त बनाया गया। फिर वह निकला जिससे दो मंगल लिखे हैं।

(१) कवि के मन में सन्देह हुआ कि यदि गणेश ऐसे कहैं कि "वहैं" नाम विष्णु (कृष्णावतार में) नाग (काली) के सिर पर नचा और मेरे उदर को शिर

लक्ख नौ उतैं गो इतैं एक वृष धारौं मैं ॥
नागान्तक आखु यान नाग हर नाग सिर,
नामतैं त्रिविक्रम त्यों लम्बोदर हारौं मैं ॥
जसोमत काली मात वज्री सक्तिधारी भ्रात,
विष्णु लौं अमंगलकौ व्रात कैसें टारौं मैं ॥

पर मेरे पिता महादेवजी के सर्प नचते हैं "उतैं" नाम उधर अर्थात् विष्णु (कृष्णावतारमें) के पिता नंदजी के नौ लाख गाएं और "इतैं" नाम इधर अर्थात् मेरे पिता के एक नन्दिकेश्वर बैल है उसका मैं पोषण करता हूं। विष्णु के नागों का अन्त करनेवाला गरुड़ यान है और मेरे चूहा यान है जिस को नाग खा जाते हैं, विष्णु तो "नाग" नाम हाथी अर्थात् कुवलयापीड़ उस का "हर" नाम मारनेवाला है और मैं "नाग" नाम हाथी के शिरवाला हूं अर्थात् मेरे हाथी का शिर है, विष्णु 'नामतैं' कहिये संज्ञा से 'त्रिविक्रम' तीन पैंड़वाला है कि जिसने ब्रह्मांड के तीन पैंड़ किये और मैं नाम से लम्बोदर हूं अर्थात् लम्बे पेटवाला इस से "हारौं मैं" नाम विष्णु की बराबरी नहीं कर सकता. विष्णु की माता (कृष्णावतार में) "जसोमति" नाम जसवाली अर्थात् यश की देनेवाली, यश का रंग उज्वल है इस से वह भी उज्वल हुई और मेरी माता 'काली' (कालेरंगवाली देवी) है विष्णु के भाई 'वज्री' अर्थात् हाथ में वज्र रखनेवाला इन्द्र, और मेरे शक्तिधारी नाम शक्ति [बर्छी] रखनेवाला स्वामिकार्तिक भाई

ऐसी आनाकानी तूं करै जो बक्रआनन तो,
काननपै पानन दैं कौनपैं पुकारौं मैं ॥४॥

श्रीमहादेवस्तुति ॥

अस्व गज पारिजात रंभा वैद्य अमृत ए,
सहस्राक्ष लीने कहि मो बिनु निहारैको?॥
कौस्तुभ रमा त्यौं धनु संख लीने केशवनैं,

है, भाइयों में अन्तर और उन के शस्त्रों में भी बड़ा अन्तर है तो फिर मैं विष्णु की नांई अमंगल का समूह कैसे टाल सकूं ? । कवि कहता है कि हे गणेश! कानों के हाथ लगा कर तू "ऐसी आनाकानी" कहिये ऊपर कही हुई टालमटोल करे तो मैं कानों पर हाथ धरके किसके पास पुकार करूं ? । कोई किसी काम के लिये नटता है तो अपने कानों पर हाथ लगाता है उस से यह सूचना करता है कि अब मैं नहीं सुनता, और बहुत बल से पुकारनेवाला कानों पर हाथ रखता है उस का यह प्रयोजन जान पड़ता है कि बल से पुकार सकै. लोग झूंठे बहाना बनाकर भी नट जाते हैं तो गणेश के तो उक्त सच्चे बहाने हैं तो भी भक्त [कवि] पर कृपा करेहीगा यह व्यङ्ग्यार्थ है ॥ ४ ॥

(१)अश्व श्यामकर्ण घोड़ा, गजऐरावत हाथी, पारिजात देवताओं का वृक्ष, रंभा अप्सराविशेष, वैद्य धन्वन्तरि और अमृत, ये सहस्राक्ष नाम हजार आंखोंवाले इन्द्र ने यह कहके लिये कि मुझ बिन इनको कौन देख सकता है ? प्रयोजन यह है कि इन को देखने योग्य हजार आंखें मेरे ही हैं। केशव अर्थात् विष्णु ने कौस्तुभ नाम की

राखे गर बच्छ कर लरकैं निकारैं को ॥
धाइ ऋषि लीनी धेनु सुरा पीनी दैत्य गन,
काकी मति थाकी रम्य वस्तुकौं बिसारैं को॥
लोकन असोक कीवे महर लहर कीवे,
जहर हरोली चंद्रमोली बिनु जारैं को॥५॥

॥ दोहा ॥

इंद्रादिक स्तुति सुनि उठे, विष पीवे वृषकेतु॥
बिधवा व्हैहौं याहिविधि, हरा डरी इहिं हेतु॥६॥

अन्यप्रकारसे स्तुति ॥

मणि; रमा लक्ष्मी , धनु शार्ङ्ग धनुष और शंख पांचजन्य ले लिये और क्रम से गले, छाती और दोनों हाथों में धारण कर लिये उन को लड़ कर कौन निकाल सकता है? । ऋषियों ने दौड़ कर कामधेनु ले ली, सुरा (मद्य) दैत्यों [दानवों] के समूह ने पी ली, ऐसी किसकी बुद्धि मन्द होगई है? उत्तम वस्तु को कौन भूलता अर्थात् छोड़ता है ? लोगों को शोक रहित करने के लिये, कृपाकी लहर करने के लिये, जहर (विष) की हरोली नाम आगे की ज्वाला चन्द्रमौली नाम चांद है शिखा में जिस के ऐसे महादेव बिना कौन पचावै ? समुद्र मथने से चौदह रत्न निकले उनमें से बारह तो औरों ने लिये और विष और चन्द्रमा ये दो महादेवजी ने लिये । चन्द्रमा का ग्रहण चन्द्रमौली शब्द से हुआ । विष का पीना तो प्रसिद्ध ही है ॥ ५ ॥

मनोहर छंद ॥

हेरि हहराय हाय हाय कैं कहत हरा,
ससुरा न सास कौन मेटैं दुखमालाकौं? ॥
थान है मसान ता विकान कौं धरैं को कान,
लैहैं कौन लाला सिंहछाला गजछाला कौं?
वृश्चिक भुजंग गोधिकात्मज से भव्य भव्य,
भूषन भरे हैं कैसैं काटि हौं कसाला कौं?॥
वाकौं दुख चीनौं नांहि चीनौं दुख देवनकौं,
लीनौं ह्यां अमोल जस पीनौं हर हालाकौं।७।

श्रीचंडिकास्तुति ॥

---

(१) "हरा" नाम पार्वती महादेवजी को विष पीने के लिये तय्यार हुए देखके "हहराय" नाम घबरा कर हाय हाय शब्द करके कहती है कि मेरे सुसरा और सास कोई नहीं है आप के न रहने पर मेरे दुःखोंकी माला को कौन मेटेगा ?। आप के स्थान तो श्मशान है उसकी विक्री को कौन सुनेगा? सिंहछाला (सिंह का चमड़ा) और गजछाला (हाथी का चमड़ा) ये आप के वस्त्र हैं इन को कौन "लाला" नाम लाडला बालक लेगा? वृश्चिक (बिच्छू) भुजंग (सांप) गोधिकात्मज (गोहिरे) ऐसे उत्तम उत्तम आभूषण भरे हैं उन से मैं अपना कसाला (दारिद्रय) कैसे काटूंगी? "वाकौं" नाम उस पार्वती का दुःख तो नहीं पहचाना और देवताओंका दुःख पहचाना और "हर" नाम महादेवजी ने हाला नाम

पापनं तपत तन तपन जपत तुच्छ,
अमृतांशु छीन डरि दीननसौं दूर हैं ॥
सोहनी निहारि छबि मोहनी बने हे हरि,
ता छबि असोहनी के बाजे बडे तूर हैं ॥
बैनी वक्र श्रोनी जंघ अंग अनुहार ईश,
सर्प शशि सिंघ गज चर्म प्रिय पूर हैं ॥

जहर को पिया इस से अमोल यश लिया. जहर का नाम हालाहल है सो यहां "नामैकदेशेनामग्रहणम्" इस न्याय से हाला शब्द से हालाहल का ग्रहण है। जैसे सत्यभामा को सत्या कहते हैं ॥ ७ ॥

(१) पापों से शरीर तप रहे हैं और "तपन" नाम सूर्य को उस के भक्त जपते हैं सो तुच्छ हैं अर्थात् बुद्धिहीन हैं क्योंकि ठंढी वस्तु से तापों का नाश होता है और गर्म वस्तु से ठंढ का, सो इस से वे लोग विपरीत करते हैं. "अमृतांशु" जो चन्द्रमा है सो क्षीण है अर्थात् क्षय रोग युक्त है आपही अमृत पीकर रोग की निवृत्ति नहीं करता सो डर कर दीन लोगों से दूर हो गया कि मुझ से कुछ मागेंगे इस हेतु से डरकर सब यहां से परे चला गया। "हरि" जो विष्णु हैं वे मोहनी रूप बने तब देवी की सुहावनी छवि देखकर बने, तब 'ता" नाम उस विष्णु की निज की (असली) असोहनी छवि के बडे तूर नाम नगारे बजे हैं, अर्थात् विष्णु के बुरे रूप को सभीने जान लिया। जो उनका सुहावना रूप होता तो वे स्त्रीका मोहनी रूप क्यों धारण करते?

तव तनु स्वेद रेनुजात गननाथ अम्ब !,
इनहि भजौं तो कहि तोमैं का कसूर हैं।८।
श्री सूर्यस्तुति ॥
घोटक पुरानौ एक चक्र रु पुरानौ रथ,
चक्रिनकी रज्जु वैल्गा देखि दुख पावौं मैं॥
पायन विहीन सूत नर्क अधिकारी पूत,
दारिद अभूत देखि घूमि घबरावौं मैं ॥
रीझकौं चहौं तो शिर बीज परौ पद्मकवि,
खीज कैं अंधेरो करैं कौन ढिग जावौं मैं?॥
आन सुरँ सोहैं कर ताही छिन वन्दौं त्वर,
नाँ तौ वक-वृत्ति धरि मिहिरँ मनावौं मैं॥९॥

आप के वेनी, वक्त्र (मुख), श्रोनी (कटि), जंघा (जांघ) इन अंगों का सादृश्य होने से महादेवजी को अनुक्रम से सर्प, चंद्रमा, सिंह और हाथी का चर्म ये पूर्ण प्रिय हैं। क्योंकि आप की वेनी से सांप का, मुख से चन्द्रमा का, कटि से सिंह की कटि का और जंघा की चाल से हाथी की चाल का सादृश्य है। ये यथासंख्या हैं। गननाथ जो गणेशजी हैं सो तेरे शरीर के पसीने और रेणु कणकों से उत्पन्न हुए हैं तो हे अम्ब ! मैं इन को ही भजूं तो तुझ में क्या अपराध है? ॥ ८ ॥

(१) सर्प। (२) घोड़े की बाग। (३) पुत्र यहां यमराज (४) देवता (५) हाथ पकड़ें वा सहायता करें (६) शीघ्र (७) सूरज ॥ इस कवित्त का प्रयोजन यह है कि

सुभटशिरोमणि कर्णस्तुति ॥

दोहा ॥

कुण्डल जिय रक्षा करन, कवच करन जयवार॥
करनदान आहव करन, करनकरन बलिहार१०

श्रीभाषागुरु मिश्रण चारण सूर्यमल्लस्तुति ॥

मनोहर छंद ॥

मित्र सनमान, सत्यवान, स्वर ज्ञान मध्य,
इक न समान, कहौं का सम करेरो मैं? ॥
प्राकृत, पिसाची, सौरसेनी, अपभ्रंस पूर्न,
होसु हैं न, हैं न हर हायन लौं हेरो मैं ॥

मनुष्य को लाभ पर गौण दृष्टि रखनी चाहिये और हानि से बचने पर मुख्य दृष्टि. जैसे यहां कवि ने सूर्य के प्रसन्न होने से उत्तम वस्तुओं की प्राप्ति हो उसको गौण समझ कर क्रोध में आकर सूर्य अन्धकार करदे इस हानि को मुख्य समझा ॥ ६ ॥

(१) जी की रक्षा करनेवाले कुण्डल, और जय करने वाला कवच, इनका दान करनेवाले और युद्ध करनेवाले कर्ण के हाथों की बलिहारी है ॥१० ॥

(२) मित्र का सत्कार करना, सच बोलना, स्वरों का ज्ञान अर्थात् राग में समझना, इतने विषयों में एक मनुष्य सूर्यमल्लजी के बराबर नहीं. मैं यों कहता हूं सो किसके बराबर कहाहूं? अर्थात् नम्र हूं. प्रयोजन यह है कि सूर्यमल्लजी हमारी समझ में वास्तव में ऐसे ही थे. इन

देख्यो मुहि दीन विद्या दीन्ह त्यौं विवेक दीन्ह,
दिग्ध वर दीन्ह, घन आनंद को घेरो मैं ॥
वारन बदन वर चारन बरन बीच,
तारन तरन रविमल्ल चर्न चेरो मैं ॥ ११ ॥

दोहा ॥

सूर्यमल्लके अष्ठ शिष, अष्ठ ग्रहन सम ओर ॥
मैं सबहिनमैं मंदमति, जांनहु जिगनू जोर॥१२॥

में से एक बात में तो कई इनके बराबर वा इनसे अधिक होसके हैं परन्तु सब में एक मनुष्य ऐसा मिलना कठिन है। और प्राकृत, पिशाची, शौरसेनी और अपभ्रंश इन चारों भाषाओं में पूर्ण थे, जैसे वे थे ऐसे इस समय नतो कोई है, न कोई होगा, क्योंकि नित्यप्रति विद्या की हानि होती जाती है, मैंने आर्यावर्त्त में 'हर हायन' नाम ग्यारह वर्ष तक ढूंढा (परन्तु कोई नहीं मिला) मुझ को दीन देख कर विद्या दी, ऐसे ही विवेक दिया, बड़ा वर दिया कि अब तू किसी काव्यवेत्ता को जीतेगा नहीं तो उससे हारेगा भी नहीं. इससे मैं दृढ़ आनन्द को लपेटा हुआ हूं. रविमल्ल, नाम वे सूर्य्य मल्लजी कैसे थे? कि चारण जाति के बीच में 'वारन बदनवर' नाम श्रेष्ठ गणेश थे, दूसरों को तारनेवाले और स्वयं तरनेवाले थे, ऐसे सूर्य्यमल्लजी के चरणों का मैं किंकर हूं अर्थात् शिष्य हूं ॥ ११ ॥

(१) आठ ग्रहों के समान सूर्यमल्लजी के आठ शिष्य थे उन सब के बीच में खद्योत के समान अल्प

अथ नृपवंशवर्णन ॥

घनाचरी ॥

दलपति नृपति महेसदास रत्नसिंह,
रामसिंह सिवसिंह केसोदास त्रासहर ॥
त्यौंही गजसिंह फतेसिंह राजसिंह त्यौंही,
त्यौं भवानीसिंह त्यौंही बहादुरसिंह वर ॥
त्यौंही भौ शार्दूलसिंह रामप्रतिनिधि राम,
मालव मुलकपाता सीतामऊ नग्रनर॥

बुद्धि में ही हूं। उन आठों के नाम ये हैं:—कृष्णगढ़ के राज्य में गोयाथी ग्राम के रहनेवाले वल्लभजी बारहट१, जयपुर के राज्य में किशनपुरे के रहनेवाले सीताराम जी बारहट२, श्यामपुरे के हरदानजी बारहट३, गंगावती के रहनेवाले विजयनाथजी खिड़िये४, जोधपुर मारवाड़ राज्य के धानणावे ग्राम के रहनेवाले मोतीरामजी रत्नु५, बड़े धानणावे के रहनेवाले बखशीरामजी बारहट६, बूंदी राज्य के हीलेड़े ग्राम के रहनेवाले धूंकलजी महडू७, और एक सूर्यमल्लजी के पुत्र ठाकुर मुरारिदानजी८, ये आठों आठ ग्रहों के समान और नवें सूर्य्यमल्लजी सूर्य्य के समान थे ॥१२॥ (१) दीनों का भय मिटानेवाला. (२) वैसा ही. (३) कितनेक गुणों से रामचन्द्रजी के तुल्य (४) महाराज रामसिंह (५) मालवा मुल्क में सीतामऊ नगर के मनुष्यों की रक्षा करनेवाला.

दयावीर¹ धर्मवीर दानवीर जुद्धवीर,
भोजसम² विद्यावीर पञ्चम सुधीरधर॥१३॥
॥ अथकविवंशवर्णन ॥ मनोहरछंद ॥
मरुदेश मेरता जिलेमें चानवास गांव,
पाताकवि³ पुत्र रतनेस लक्ष्मीदास भौ।
त्यौं कल्यानदास रघुनाथदास सोभाराम,
ताके जगराम पद्मसिंह सुत तासैं भौ॥
बुंदीवासी सूर्यमल्ल मिश्रन सौं पायौ गुरु,
विद्यारत्न पायौ वर पायौ सुख खास भौ।
रामसिंह जसघन मायौ नांहि मोर मन,
वह पृथु पृथिवीपे प्रचुर प्रकास भौ॥१४॥
दोहा-धीर करन कातरन पटु, मन धीरन घनमोद
वीरनराधिप राम वर, वरनौं वीरविनोद॥१५॥

---

(१) दयावीर आदि चार वीर शास्त्र में प्रसिद्ध हैं (२) पांचवां भोजके समान विद्यावीर महाराजा रामसिंह है॥ १३॥ (३) पाता नामक कविका पुत्र (४) उस जगरामसिंह का मैं पद्मसिंह पुत्र हुआ. (५)जैसा(६) वह जस बड़ी पृथ्वी पर बहुत प्रकाशवाला हुआ ॥१४॥ (६)धीर और मोद ये दोनों विरोधी धर्म लेने. [७]महाराजा रामसिंहजी वीर पुरुषों के स्वामी हैं और वर अर्थात् श्रेष्ठ हैं। और श्लेष से वर आज्ञाविशेष। यहां वर शब्द के श्लेषसे शाब्दी व्यंजनाहै। (८) वीरों का विनोद अर्थात् क्रीड़ा है जिसमें ऐसा एतन्नामक ग्रन्थ बनाता हूं॥१५॥

छप्पय ॥

जगे छत्रिय निज जीह आप जस कहैं अनीतिय,
दीने द्विजकौं दसन प्रबल जस कथन सुप्रीतिय॥
द्रोन परब संग्राम-सार कुलपति भल कीन्हौं,
द्विजकुल कवि द्विजद्रोन दिग्घ जस दुंदुभि दीन्हौं।
छितिपर चारन छत्रीनको नातो प्रबल निहारिकैं,
बारहट पद्म कीनौं बिदित "वीरविनोद" विचारिकैं

अथ कथा प्रारंभ ॥

कवि वचन ॥

सोरठा ॥

---

(१) संसार में क्षत्रिय का अपनी जिव्हा से अर्थात् क्षत्रिय के मुख से अपना अर्थात् क्षत्रिय का यश कहा जाना अनुचित प्रवृत्ति है, और कर्ण की प्रबल जस कराने में प्रीति थी इसलिये प्राण निकलते समय ब्राह्मण वेष धारी श्रीकृष्ण को ब्राह्मण समझ कर याचना करने पर चूँपों सहित अपने दांत दे दिये. द्रोण पर्व पर भाषा में "संग्रामसार" ग्रंथ कुलपतिमिश्र ने बहुत अच्छा किया परन्तु यह कवि जाति का ब्राह्मण और वर्णनीय द्रोण भी ब्राह्मण, सो उसने उस के यश के बड़े नगारे बजाये अर्थात् ब्राह्मण ही का यश किया क्षत्रिय का नहीं किया. विचार से देखते हैं तो द्रोण की अपेक्षा कर्ण का युद्ध प्रबल है, इसके अतिरिक्त कर्ण क्षत्रियथा और मैं बारहट पद्मसिंह जातिका चारण हूं, हमारा और क्षत्रियों का परस्पर जैसा

लखि द्वै दिन रन क्रूर, संजय बोल्यौ नृप! सुनहु।
सज्यौ करन रनसूर, द्रोन-मरन-डर हरनकौं।१७।

संजय वचन ॥

छंद चकोर ॥

नृप!तोरिमति मनुतूल,तुहि जारिकिय दुख मूल
ज्यौं होत नर तियजीत,त्यौं भयौ तूं सुतजीत१८
वह भयौ कर्न अधीन,तिँहिं कुमतिकौ गृहकीन
सुत बचन, तैं श्रुति कीन, कर्नादि बच स्मृति चीन
बिदुरादि जुत हित बैंन, निरखेसु नास्तिक नैंन
तिँहिंज्ञान फल मिलिश्राज,रुचि सौं अरोगहुराज

मनोहर छंद ॥

बुरो करैं ताकौ बुरो करैं बुरो कहैं कौंन,

सम्बन्ध है वैसा और जाति का क्षत्रियों के साथ नहीं दीखता,इस बात को विचार कर मैंने "वीरविनोद" प्रकट किया ॥ १६ ॥ १७ ॥ (१) रूई. (२) स्त्री से जीताहुआ ॥१८॥ (३) दुर्योधन [४] कर्ण ने दुर्योधन को । [५] वेद । [६] आदि शब्द से शकुनि और दुश्शासनादि॥१६॥[७]आदि शब्द से श्रीकृष्ण और व्यासादि । (८) नास्तिक के नेत्र अर्थात् दृष्टि से उनके वचनों को देखा । प्रयोजन यह है कि उन के कहने को तैंने तुच्छ समझा ॥२०॥

(९) हे राजा! जगत् में चार प्रकार के मनुष्य होते हैं, एक तो अपना बुरा करै उस का पीछा बुरा करै, उस

भलो करैं ताको भलो करैं भलो जोरयौ तैं॥
बुरो करैं ताको भलो करैं ऐसी चहैं कौन?,
तीननकौं तोलि तिनकौं न मन मोरयौ तैं॥
राज हित भ्रात तात खात रीत राजन की,
तोरन अनेक अरे पैं न पन तोरयौ तैं॥
भ्रात हित, तात हित, गात सुख छोरयौ, भुव-
जात सुख छोरयौ तिँहिं पात नहिं छोरयौ तैं२१

को बुरा कौन कहै? ॥ दूसरा अपना भला करै उसका भला करै, उसको 'भलो जोरयोतैं' नाम तैंने खूब एकत्र किया. लक्षणा से आता है कि कुछ भी ग्रहण नहीं किया। तीसरा अपना बुरा करै उसका भला करै, ऐसी इच्छा ही कौन करै? ॥ "तीनन कौं तोलि" कहिये इन तीनों को विचारिके अपने विचार से "तिन कौं न मन मोरयौ तैं" नाम एक तृण जितना भी तैंने चित्त को पीछा नहीं फेरा ॥ राज के लिये भाई और पिता को खाते हैं यह राजाओं की रीति है अर्थात् तुझ जैसे निकृष्टों की। इस रीति को तोड़ने के लिये अनेक जन [प्रकरण से विदुरादि] अड़े [हठ करके कहा] परंतु तैंने अपना पन नहीं तोड़ा. अब अपना भला करै उसका बुरा करै यह जो मनुष्यों का चौथा प्रकार है सो संजय धृतराष्ट्र से कहता है कि भाई [विचित्रवीर्य] के लिये, पिता [शन्तनु] के लिये, अपने शरीर का सुख छोड़ा अर्थात् स्वविवाह रूप सुख नहीं लिया

तोरे पिता, तोर, तोर पुत्र, तोर पौत्र मुख,
निज कर धोये ताहि रुधिर धुवायौ तैं ॥
चंद सु खिलोना देहु, रोय रोय माँग्यौ, तिन्हैं,
ज्यौं त्यौं तुष्ट कीने सोक अँसुन रुवायौ तैं।
जिनकी अनीति जान स्वप्न हूमैं क्रोध आन,
पान न छुवायौ नर बानन छुवायौ तैं ॥

'भुवजात' नाम पृथिवी से उत्पन्न हुआ जो राजरूप सुख वह भाई विचित्रवीर्य से नहीं लिया अर्थात् तेरे बाप और दादे से भीष्म ने यह भलाई की "तिहिं पात नहि छोर्यौ तैं" नाम उस भीष्म को मारके गिराना तैंने नहीं छोड़ा ॥२१॥ (१) तेरे पिता का, तेरा, तेरे पुत्रों के और तेरे पौत्रों के मुख अपने हाथों से धोये "ताहि मुख" नाम उस भीष्म का मुख तैंने उसीके लोहू से धुवाया। यहाँ मुख शब्द का चारों के साथ सम्बन्ध है। ऊपर कहे तेरे पिता ही ने कहा कि "चांद जैसा अच्छा खिलौना हमें दो" और रो रो कर और हठ करके मांगा उनको जैसे तैसे प्रसन्न किया अर्थात् उनका जी नहीं दुखाया और रोने तो काहे को दे? उस भीष्म को तैंने शोक के आंसुओं से रुलाया। जिन [तेरे पिता विचित्रवीर्यादि] की अनीति को समझ कर स्वप्न में भी क्रोध लाकर हाथ नहीं छुवाया अर्थात् अति हलका भी प्रहार नहीं किया उस भीष्मको तैंने अर्जुन के बाणों से छुवाया. हे राजा! जिस भीष्म ने स्नेह एकत्र करके अपनी छाती रूप

जानैं हित जोर उर सेजपै सुवायौ भूप!,
तौको हित तोर सर-सेज पै सुवायौ तैं।२२।

छंद चकोर ॥

हम सत्य भाखैं नाँहिं। मरि परैं नर्कन माँहिं ॥
वह[2] अमृतको सर आज। अपि! सूकि गो न इलाज
नृप! द्रोन भो नहिं नास। यह नास भो जय आस
धनुर्वेद भो अँनु धीर॥ व्याख्यान गो उठ वीर२४
सुभ सोध अर्थन सार। है को पढावनहार ? ॥
गंधर्व वेद वितीत। गन[3] तीय गावहिं गीत॥२५॥
बड-पुत्र[4] मेरु विख्यात। वर बात[5]-जायौ बात ॥
द्विज[6]नाथ हो द्विज[7]नाथ॥किय नार्थ[8]पूनअनाथ२६
निज[10]पुत्र मंत्र न दीन। नैर[11] दीन्ह कीन्ह प्रवीन॥
नर दच्छना[12] वैर दीन्ह, तिहिं मंत्र रन जियै[13] लीन्ह२७

शय्या पर तुझे सुलाया उस भीष्म को वा उस भीष्म से हित तोड़ कर तैंने तीरों की शय्या पर सुलाया ॥ (१)"तासों" पाठ भी है ॥२२॥(२) कर्ण ॥२३॥२४॥ (३)स्त्रियों का समूह ॥२५॥ (४)दुर्योधन (५) वायु से उत्पन्न हुआ, अर्थात् भीम (६) द्रोणाचार्य [७] गरुड़ [८] परमेश्वर ने (९) दुर्योधन ॥२६॥ [१०]अपना पुत्र, अर्थात् अश्वत्थामा (११)अर्जुन, इसको अधिकारी देख कर द्रोण ने विद्या दी। (१२) "भल" पाठ भी है। (१३) प्राण, अर्थात् द्रोणाचार्यका ॥२७॥

धृतराष्ट्र वचन ॥

हुव मोर गृह बड हाँन, जिंहिं जान गहिय जिहाँन
है हान और न हेर, जिय जान ठहैं मन जेर२८
गुरु पै पठैं कछु कोउ, तिंहिं गुरु न मानैं सोउ
वह अधमजोनिय बीच, जड़ जन्म पावैं नीच२९
इम धर्म्मशास्त्र उचार, सुनि कह्यौ मैं श्रुतिसार॥
एनिठहैं जु शिष्य कुपात्र,जिन देहु अक्षर मात्र३०
लें रम्य विद्या साथ, मरनों भलो ? मेमनाथ? ॥
वरवचनशास्त्रन बीच,क्यौंगिन्यौद्विजयहकीच३१
भ्रम होय अपनी भूल, तिंहि ठहैं न क्यौं दुख शूल
सुमरीनद्रोनसलाह,हठ उपजि तिंहिं उरदाह३२
हम मरे सब तिंहिं हेतु, कहि! कीन्ह का वृष-केतु
हा होहि कैसो हाल,क्यौं भाग्य मोर कँगाल३३

कवि वचन ॥

सिटि अंध धूनिय सीस, चित विकल मारिय चीस

धृतराष्ट्र वचन ॥

वय तुल्य मित्र विख्यात, जँन्यौ जु निज जामात
ठहैं तात मैं का कीन्ह, उहिं तात विद्या दीन्ह ॥

।२८।२९।३०।(१)हे मेरे स्वामी?।३१।(२ उस सलाह का याद नहीं करने रूप अग्नि उत्पन्न हुई।३२।(३ शिव,धृतराष्ट्र के शिवजीका इष्टथा इसलिये ऐसा कहा।३३।३४।(४)मैं पिता

ममम्रृत्युक्रियक्यौं गौन,हुत मृत्यु लिय क्यौं द्रौन
हहरातं हौं! वय हेर, अब फिरहिं का दिन फेरै॥
स्रष्टाँ रच्यौ जग मीत, शुभ रचि न छत्रिन रीति
सुत मरैं पितु हिय सीत,पितु मरैं सुत हिय मीत
घन द्रौन मृति घबरौंन, ठहैं छत्रिपनकी हाँन३७
गुरु द्रोनक्रियदिवगौन,कहिकरनरनविधिकौन

कवि वचन ॥

उर जरनि मेटन वर्न,कहि जुद्ध किय जिम कर्न

संजय वचन ॥

कुपि कर्न बर्न कराल,हनि कीन्ह सेन निहाल॥
द्विज वर्न आसिषलीन,त्रिवरन दुरासिष लीन३९
नित गढैं दातन चित्त,वह बच मृषा हुव मित्त?

था जिसने तो अपने पुत्रों का कुछ भला नहीं किया. यह द्रोण पिता था कि जिसने विद्या दी॥३५॥(१)मैं घबराता हूं (२) अच्छे दिनों का फिरना क्या पीछा आवेगा ? अर्थात् नहीं आवेगा. (३) ब्रह्मा॥३६॥(४) द्रोण के मरने से हद घबराने का समय है परन्तु मैं घबराऊं तो मेरे क्षत्रियपन का नाश होता है ॥३७॥ (५) स्वर्ग ॥ (६) वर्न शब्द का सम्बन्ध अगले पद के साथ है कि संजय ने अक्षर कहे॥३८॥(७,एक ब्राह्मण वर्ण की आशिष ली और शेष तीन वर्णों की दुराशिष ली. (८)"आशिषलीन"और"राशिषलीन"यह अन्त्यानुप्रासहै॥३९॥

सब समयआसिष पाय,हा!अंत दिनलिपहाय४०
द्विज अग्ग बचि देत आइ,खिजि अर्ध कर्न खपाइ
आभर्न[2] सजि सुरबाम,जिन इक्क इक लगि जाम
उत पूर्न हुव आभर्न,कट परिय इत भट कर्न॥

कवि वचन ॥

सुनि असह्य बच श्रुति बीच,अररा[3]य परि धर सींच
इम रोय तित थित ओर, रनवास हुव हा? सोर॥
बिसिखा बजार रु हट्ट,घर घर्न नर तिय थट्ट४३
करि महई लहरिहिं याद,बढि रुदन ध्वान बिसाद
को कर्न सम धन दीन्ह,संकल्पजलसर कीन्ह४४
उपमा मिली नहिं ओर,किय रुदन जल सर जोर
गंधारजा तित आइ,घन दुखित पति घबराइ४५
खिति परिय मुरछा खाइ, उत विदुर देवर आइ

---

(१) पांडवों की सेना. (२) आभरण बारह हैं उनके सझने में बारह प्रहर लगे उनकी सझावट पूर्ण होते ही आठ प्रहर युद्ध करके कर्ण मरा, अर्थात रात्रि के चार प्रहरों में कर्ण ने युद्ध नहीं किया. (३) अरड़ाय करके. [४]भिगोर्दी अर्थात् आंसुओं से [५] गली. (६) समस्त घरों में (७) समूह. [८) दया. (९) शब्द. [१०] संकल्पजल के सरोवर के जोड़का अर्थात् घरा वरी का आंसुओं का सरोवर हो गया.

सौगंध[1] जल दृग सींचि, लिय दुहुँन[2] मुरछा खींचि
उत अंध सोक अमान, गुनि[3] दीन्ह संजय ज्ञान

संजय वचन ॥

वर रीति करहु विचार, संसार सार[4] असार ४७
घन करन मरन सुघोग, को अमर इहिँ घर ओर

कवि वचन ॥

नृपकहिय उर तरु लाप, मतिपच्छि क्यों ठहराय[5] ४८
मम सुतन तन मन नेह, गो बगर जिन जय गेह[6]
हुव द्यूत पंडुन हार, कहि गोसदृस सिरदार ४९
कहि द्रोपदिहिँ ए क्लीव[7], तजि भज अपर कोउ पीव
जब किय युधिष्ठिर जज्ञ, उहिँ सुनि रु कहि सुत अज्ञ
भल भ्रात[8] पार अभीति, जिन च्यार दिस लिय जीति
सुन पुत्र बचन सुजान[9], कहि करन मूछन तान
किय बिजय भ्रात अनेक, इत करहिँ किंकर[10] एक

[१] विदुरजीने गुलाबजल छिड़का. (२) धृतराष्ट्र और गांधारीको (३) समझ करके. ४) संसारमें अच्छी चीज है वह भी बुरी है. [५] हृदय रूप वृक्ष में अग्नि लगने पर बुद्धि रूप पक्षी कैसे ठहर सकता है? [६] कर्ण रूप विजयका घर. (७) कर्णने द्रौपदी को कहा था कि ये युधिष्ठिरादि नपुंसक हैं सो तू कोई दूसरा पति करले (८) भाई युधिष्ठिर के (९) यह कर्ण का विशेषण है. (१०) तेरा किंकर कर्ण विजय करेगा.

ज्यौं कहिय वत्तजयान, त्यौं कीन्हकर धनुतान ५२
करि विजय जक्करराय, जिहिंवालअग्निजराय
सुरऋषिपिनक्षीर्यासिराय, किसुपत्थ दीन्हगिराय ५३

संजय वचन ॥

भूपतिहिं संजय भाखि, रथ चक्रमहि सुख राखि
हढचक्रादिसचिनदीन्ह, हनि पत्थ सर सिरलीन्ह ५४

कवि वचन ॥

कहि नृपति करिअन्याय, पांडवन लिय जय पाय
धर्म्मज अनृत कहतो न, कहि अनृतमारयौद्रोन ५५
हिकैं चून अनर्थ हमार; वहु अनय नर जदुवार
भट भीस्म द्विजभटमोर, पहकरनमरनसुओर ५६

कवित्त ॥

कुन्ती कृष्ण राज दैन कह्यौ पैं न लह्यौ कर्न
कह्यौ जुद्ध भार काके सीस धरि जाओं मैं?॥

(१) देवता मुनियों का जिसने आशीर्वाद लिया उस जयद्रथ को पृथा के पुत्र अर्जुन ने मार गिराया. यहां "पत्थ" पद श्लेष के अभिप्रायगर्भ है. (२) युधिष्ठिर झूंठ नहीं कहताथा (३) एक (४) अनीति ॥ (५) कुन्ती और श्रीकृष्ण ने कर्ण को राज देनेकेलिये कहा, परन्तु कर्ण ने नहीं लिया और उसने कहा कि "मैं युद्ध का बोझा किसके सिर पर रख कर जाऊं"। उस कर्ण को बलवान् जान कर सुत (मेरा पुत्र दुर्योधन) बलवानों से बलवान् था, सो

ताकौं बलि चीन सुत बलिन बलीन हो वे,
दीनन सौं दीन भयो जी न लरजाऔं मैं ? ॥
सब जग चेरो हो व कौन हितु मेरो घन,
दुक्खनकौ घेरौ घूमि कौन घर जाऔं मैं ॥
कैसें टरि जाऔं ज्वलदग्नि जर जाऔं कैधौं,
कूप परि जाऔं विष खाय मर जाऔं मैं॥५७॥
निज जन हाल हो रु द्विज जन पाल हो रु,
काल हो [२]अरीन अब पैंतरे दिखाये हैं ॥
उद्यममैं दीन्ह ध्यान भावीकौ न कीन्ह ज्ञान,
कौन धर पानि गये कान्ह अब आये हैं ॥
दान रु कृपान दयासांच सौच सीलता त्यौं,
लाज रु अजाद गुरु भक्ति गुन गाये हैं ॥
अंग सु उपांग जुक्त आज जंग अंगन मैं,

(१)अब दीनों से दीन होगया, तो क्या मैं जी को नहीं लचाऊं? सारा संसार अनुचर था, परन्तु अब मेरा हित चाहनेवाला कौन है ? प्रबल दुःखों का घेरा हुआ मैं घूमता हुआ किस के घर जाऊं ? । जलती हुई अग्नि में जल जाऊं? अथवा कुए में पड़ जाऊं ? अथवा मैं विष खाकर मरजाऊं? इन तीनों से मैं कैसे टल सकता हूं? अर्थात् नहीं टल सकता । [२] अरीन शब्द अर्थ करने में दो बार लेना चाहिये ।

एते गुन अंग ईस संगही सिधाये हैं ॥५८॥

संजय वचन ॥

काई छवि छाई कौच ओपी करवाल ऊर्मि,
पन्नग प्रभाकौं पूर्न सारसन पोखगो ॥
कच्छप विसाल ढाल लाल वड्वाग्नि कोप,
मुच्छ सु मरोर जोर भौंर जोर तोखगो॥
वेलाजुत व्यापैं वहैं वेला तजि यहैं वीर,
उभ्कलि अमल जस इंदुकौं अदोखगो ॥

---

(१) " अंग " देश विशेष, जिसका स्वामी कर्ण था ॥५८॥ (२) कवच ने काई (सेवाल) की छवि को छालिया, तरवार रूप लहर दिपी, "सारसन" नाम जो कमरबन्धा है सो सर्पकी प्रभाको पूर्ण पुष्ट कर गया, वड़ी ढाल कछवा रूप थी, लाल कोप वाड्वाग्नि था, अच्छी मरोड़वाली मूछों की जोर नाम जोड़ा उसके जोर नाम वल ने भँवर के वल को तुष्ट कर दिया, वह समुद्र तो " वेलाजुत " नाम मर्यादा युक्त व्याप्त हो रहा है और यह वीर कर्ण मर्य्यादा अथवा समय को छोड़ कर व्याप्त था, प्रयोजन यह है कि युद्ध में वृद्ध और श्रान्त आदि को न मारने रूप मर्य्यादा और रात और दिवस रूप समय के नियम को नहीं रखता था, समुद्र तो उभ्कल कर जस जैसे उज्वल चांद को और कर्ण उभ्कल कर जस रूप दूषण रहित चंद्रमा को

भीम इन्द्र भीत तव सुत मयनाक सर्न,
आज कर्न अर्नव अगत्थ पत्थ सोखगो ॥५९॥
साँतनुज सेनप भो वासर दिखायो बर,
राका छबि छाई साँतनुजके सिधाये तें ॥
द्रोन दल नाथ भायो द्विगुन दिखायो द्यौस,
छाई सिनिवाली छबि द्रोनहिं गिराये तें ॥
रविज चमूप भयो रविकों दिखायो रम्य,
भारी भई कारी कुहू रविज बिलाये तें ॥
सुजोधन चक्रवाक चक्रवाकी वाकी जय,
अब न मिलेंगे भूप कोटि कल्प आये तें॥६०॥

दोहा ॥

प्राप्त हुआ। भीम रूप जो इन्द्र उसके डर से तेरे पुत्र दुर्योधन रूप मैनाक (पर्वत विशेष) ने शरण या आसरा लिया था जिसका, ऐसा कर्ण रूप "अर्णव" जो समुद्र उसको पत्थ जो अर्जुन वही अगस्त्य (मुनि विशेष) सोख गया अर्थात् पीगया ॥ ५९ ॥ (१) भीष्म। (२) षोड़श कला युक्त चांदवाली पूर्णिमा। (३) चन्द्रमा की एक कलावाली अमावास्या। (४) कर्ण। (५) जिस अमावास्या में चन्द्रमा सर्वथा न हो। (६) कवियों की सम्प्रदाय में रात्रि को चकवे चकवी का मिलाप नहीं माना गया, दिन ही को माना है, यहां कवि ने दुर्योधन को चकवा और उसकी विजय को चकवी माना

हौं जानौं जानत तुँही, जानत सर्व जिहांन ॥
ईश्वर अकरन-करन हैं,करन मरन मन मान६१

धृतराष्ट्र वचन ॥
छप्पय ॥

मेरु मरुत मति नहिंन मेरु मति मरुत न मानिय

इन का मिलाप होने योग्य तीन अवसर रूप तीन दिन हुए, एक तो भीष्मजी सेनापति हुए थह, इनके मरने पर पूर्णिमा की रात्रि होगई, पूर्णिमा की रात्रि कहने का यह प्रयोजन है कि द्रोण और कर्ण दोनों विद्यमान थे. दूसरा अवसर द्रोणाचार्य सेनापति हुआ तब आया, उसके मरने पर सिनिवाली अमावास्या हुई, क्योंकि कर्ण विद्यमान था. तीसरा अवसर कर्ण सेनापति हुआ तब आया, फिर कर्ण के मरने पर कुहू अमावास्या हुई । ये तीनों ही अवसर चले गये अब करोड़ कल्पों में भी इन चकवा चकवी का संयोग नहीं होगा, अर्थात् दुर्योधन की जय होवेगी ही नहीं ॥ ६० ॥

(१)संजय ने कहा कि हे राजा! ईश्वर "अकरन-करन" अर्थात् अनहोनी करनेवाला है इसलिये तू कर्ण का मरना निस्सन्देह मान ले । इसके उत्तर में धृतराष्ट्र ने कहा कि जो ईश्वर अकरन-करन हैं तो उसने नीचे लिखे कार्य्य क्यों नहीं किये? ॥ ६१ ॥ (२) सुमेरु पर्वत के तो पवनकी बुद्धि नहीं हुई अर्थात् उसने चलना धारण नहीं किया, और पवन ने अचलता नहीं धारण की, सूर्य

भानु हिमाकर भौ न हिमाकर भानु न जानिय
वारिध मरु नहिं बनिय मरुनवारिधविधिठानिय
गगन नभुवसिरगिरियभुवनासिरगगनपिछानिय
इनविचनइक्कइतकीउतैंकरनसक्यौअकरनकरन
कहिकरनमरननरकरनतैंमानैंकिहिंबिधिमोरमन

दोहा ॥

नीति युधिष्ठिर की निरखि,अरु ममतनयअनीति
करन मरन अरि सुख करन, पूरन भई प्रतीति ६३

संजय वचन ॥

चन्द्रमा नहीं हुआ, उसने शीतलता नहीं धारण की. चन्द्र सूर्य न हुआ कि जिसने उष्णता नहीं धारण की. समुद्र मारवाड़ देश नहीं हुआ अर्थात् वर्त्तमान कालमें जल रहित होकर रेता धारण नहीं किया और मारवाड़ देश समुद्र नहीं हुआ, अर्थात् रेत को छोड़कर जल युक्त नहीं हुआ। ऊपर छत जैसा दीखनेवाला आकाश पृथिवी पर नहीं पड़ा और उसी आकाश पर पृथिवी नहीं पिछानी अर्थात् जानी नहीं जाती। वह अकरन-करन ईश्वर इन वस्तुओं में से एक भी वस्तु नहीं कर सका तो बतला? मनुष्य के अथवा अर्जुन के हाथों से कर्ण का मरना मेरा मन कैसे माने? अर्थात् नहीं मानता। परन्तु नीचे के दोहे में कहे कारणों से मेरा मन भी मानता है ॥६२॥६१॥

गंगासुत पै सरन हित,हिलौं सिखंडी हाथ ॥
धृष्टद्युम्न द्रोनहिं हनैं, निरखहु भावी नाथ!॥६४

धृतराष्ट्र वचन ॥

छप्पय ॥

मारत कुरु सु मयंद मयंद सु कुरु कित मारिय॥
गज्जहिं गारत सिंघ गजब गज सिंघहिं गारिय
केरिये पर गज केहर कहर गज पर हुव केरिय
पित्त जँभ्भरत केरि केरिकौं पित्त जँभ्भोरिय ॥
इमकरनपत्थहारकअवनिहा?करनहिंपत्थजुहनिय
सुरअसुरनागनरधूनिसिरभावीगतअद्भुतभानिय

मनोहर छंद ॥

दुस्सासन मृत्यु देखि सुत बिनु सक्थि भयौ,
जाके जोर दीर्घ लंगराईकौं दुराय दी ॥

---

(१) इसमें चमत्कार यह है कि तीर लेनेकेलिये शिखंडी के हाथों का हिलना भी संभव नहीं दीखता था, तस भीष्म पर शिखंडी ने तीर चला दिये और धृष्टद्युम्न ने ध्यान में बैठे हुए भी द्रोणाचार्य्य का सिर काटा यह भावी की प्रबलता है। संजय के कथन और नीचे लिखे कारणों से धृतराष्ट्र भी भावी को स्वीकार करता है॥६४॥ (२)सिंह को मारनेवाला हिंसक जन्तु विशेष।(३)केला (कदली) । [४] भयानक (५) तीनों दोषों में का दूसरा दोष, जिसके उष्णता आदि गुण हैं ॥ ६५॥

भीस्म[1] भगदत्त द्रोन गदा असि सक्ति भग्न,
जाके जोर गिरी गैंद वीरता गुराय ली ॥
जाके जोर और[2] रनकुल्या[3] लाँघ पार भयो,
जाके जोर घोर जय नौबत घुराय ली ॥
अंध न करैंगो अंध अंध ह्वैगो बिधि यातें,
आज सुत अंध कर्न छरिया छुराय ली॥६६

कवि वचन ॥

दोहा ॥

संजय कहि नृप पीर लखि,बीर! धरहु मन धीर
सल्य करहिं दलचीरकौं,चीरि चीरकी चीर६७

---

(१)यहां अनुक्रम से भीष्मादि का गदादि के साथ अन्वय समझना. (२) अन्ध । (३) युद्ध रूप नहर । (४) अपने पूर्व पापों के फल से मैं और गांधारी दोनों अन्धे हैं सो अपने पापों का फल भोग चुके. अब जो ब्रह्मा हम अन्धों को अन्धे करेगा तो उसका हम पर अन्याय होगा उस अन्याय के पलटे में ब्रह्मा को अन्धा होना पड़ेगा॥ अन्धे को प्रज्ञाचक्षु कहते हैं और मेरे पुत्र दुर्योधन के मरने से हमारी बुद्धि (प्रज्ञा) नष्ट हो जायगी तो हम अन्धों से अन्ध होंगे. ब्रह्मा अन्धा होगा तब उसको हाथ में रखने के लिये लकड़ी चाहियेगी इसीलिये मेरा पुत्र दुर्योधन कि जो बुद्धि का अंधा है उसके हाथ की कर्ण रूप लकड़ी छीन ली ॥६६॥ (५)सेना रूप वस्त्र को

धृतराष्ट्र वचन ॥

छप्पय।

हा हा सुरतरु हाँस कहा पूरहि तरु कीकर? ॥
सुधा समुद्र सु आस संपदि टारहि कित सीकर
चिन्तामनिकी चाह संगमरमर कित साजिय
पारसकी परवाह हरी गैरिक कित पाजिय ॥
जोगींद्र देत वरदान जिमजाचकवचकिमजानियैं
इमकरनसोकदूरीकरनमद्रधरनिपतिमानियैं६८

कवि वचन ॥

दोहा ॥

द्रोन मरनडर पौन ध्वज, कंपित मति दृग भूप॥
करन मरनतैं करन विनु,क्यौं न परैं दुख कूप६९

छप्पय ॥

घन घवरावन घूमि भूप संजय प्रति भाखिय॥
कटिकैं रनमैं कर्न रीत सुभटन घन राखिय॥

'चीरि' नाम फाड़कर 'चीर की चीर' नाम बारीक लंबे टुकड़े के उससे भी बारीक लंबे टुकड़े कर देगा ॥ ६७ ॥
(१)बबूल।(२)शीघ्र।(३)अत्यन्त छोटी बून्दें[फुहार]॥६८॥
(४)द्रोणके मरणरूप पवनसे ध्वजारूप प्रज्ञाचक्षु(अन्धा) कंपायमान था वह कर्ण के मरने से कानों बिना अर्थात् बहरा होगया सो अब दुःखरूप कुएमें क्यों नहीं पड़े।६९।

कोको तिहिं भट कटिग परनभटकोकोकट्टिप
जेजे जियत जवान जिनहिँ जाचत धुज्जट्टिप॥
सुन संजय तिनसबहीनकीसंज्ञामोहिसुनापहैं॥
पैहैं न फेर वैभव प्रबल पुनरजन्म जो पाप हैं॥७०

अर्द्धहरिगीतिका छंद॥

धृतराष्ट्र कहि मति ध्यान कैं,
जपि जीह संजय जान कैं॥
जे मरे मोर रु ओरके,
जे अरत इत उत जोरके॥७१॥
सब के सुनाम सुनाइयैं,
गिनि हरष सोक गुनाइयैं॥
महिपाल की मति मान ह्वां,
जपि बत्त संजय ज्वान ह्वां॥७२॥
दस दिवस कर रन घोर जो,
सर सेज भीस्म सजोर जो॥
दिन पंच बहु भट मारिकैं,
कटि द्रोन सेन पसारिकैं॥७३॥

---

(१)महादेव। पुराण प्रसिद्ध बात है कि महादेवजी वीरों से सिर मांगा करते हैं। [२]नाम। [३]धृतराष्ट्र पश्चात्ताप करता है कि इस जन्म में तो ऐसा प्रबल वैभव कहां था परन्तु दूसरे जन्म में भी नहीं मिलेगा।७०।७१।७२।७३।

आनर्त देसिनसौं अरयौ,
नृप बिबिंसति तितही मरयो ॥
बिंद रु तथा अनुबिंद द्वे,
गन अरिन गारि रु स्वर्ग गे ॥७४॥
सिंधुप जयद्रथ कौं हन्यौ,
भट पत्थनैं तिनुका गन्यौ ॥
तव पौत्र लछमन नाम हौ,
अभिमन्यु हनिय ललाम हौ ॥७५॥
सुत दुसासन मजबूत हौ,
तिंहिं हन्यौ द्रौपदि पूत हौ ॥
वर नाथ भिल्लन वर्ग कौ,
मरि एकलव्यहु स्वर्ग गौ ॥७६॥
भगदत्त भट बल भीर कौ,
भख भयो पारथ तीर कौ ॥
सुन नृप श्रुतायुहि सूर कौ,
नर हन्यौ लखि पन पूर कौ ॥७७॥
सुन सुदच्छन नरनाह हौ,
उहिं हनिय पत्थ उछाह भौ ॥
कौसलाधिप अति क्रूर हौ,

अभिमन्यु निरख्यौ सूर ह्वौ ॥७८॥
जित सल्य के सुत जाय कौं,
अभिमन्यु मारयौ दाय कौं ॥
वृषसेन सुत वर करन कौ,
नर हन्यौ तिँहिं सम अरन कौ? ॥७९॥
नृप! हौ श्रुतायु नरेस व्हाँ,
घेरि पत्थ पठयौ स्वर्ग घराँ ॥
भट वृहतक्षत्रहु भग्न भौ,
रु[1] भगीरथहु सर लग्न भौ ॥८०॥
हौ रुक्मरथ[2] सुत सल्य कौ,
सहदेव काटयौ कैल्प[3] कौ ॥
भगदत्त सुत कृतप्रज्ञ हौ,
उहिँ हत्यौ नकुल न अज्ञ हौ ॥८१॥
बाल्हिक पितामह रावरौ,
भिरि भीम मार्यौ बावरौ ॥
जुटि जयत्सेनहु चाह लै,
अभिमन्यु मार्यौ वाह लै ॥८२॥
रु कालिंगदेस नरेस है,

॥ ७८ ॥ ७९ ॥ (१) पञ्चर ॥ ८० ॥ (२) रुक्मरथ जो सहदेव के मामा का बेटा भाई था। (३ कलह ॥८१॥८२॥

जुरि जुद्ध पहुँचे स्वर्ग द्वै ॥
तब मंत्रि बृषवर्मा तितैं,
हनि भीम भनि जावत कितैं ॥८३॥
पौरव अयुत गज जोर कों,
भिरि पत्थ मार्‌यौ भोर कों ॥
सुन सूरसेन महीप ह्वां,
नर हन्यौ निज दल दीप ह्वां ॥८४॥
हि हजार वीर वसंति जे,
अरु सक रु सिविय कलिंग ते ॥
मालव रु संसप्तक जिते,
तिन हने पारथ गिन तिते ॥८५॥
कृपभ्रातलहु तब मित्त हौ,
उहिँ हन्यौ पत्थ अमित्तहौ ॥
नृप सल्य भूरन सीम हौ,
भट भीम मार्‌यौ भीम हौ ॥८६॥
अरु क्रोधवंत छहंत द्वै,
भट भीम भेजे स्वर्ग मे ॥
भट क्षेमधूर्ति मर्‌यौ भन्यौ,

॥ ८३ ॥ ८४ ॥ (१) बसन्त देश के ॥८५॥८६॥

जलसंधकौं सात्यकि हन्यौ ॥८७॥
भूरिश्रवा बलपूर हो,
तिंहिं हन्यौ सात्यकि सूर हो ॥
पुनि सोमदत्तिहि पायगौ,
खिजि ताहि सात्यकि खायगौ ॥८८॥
राछस अलंबुक हू रुप्यौ,
करि कटि घटोत्कचसौं कुप्यौ ॥
कति भ्रात हे भट करनके,
ति अहार भे नर सरन के ॥८९॥
द्राविड़ रु मद्र कलिंत्थ जे,
सावित्र क्षुद्रक व्रात के ॥
प्राच्यहु प्रतीच्यहु पूर हे,
दत्तन उदीच्यहु सूर हे ॥९०॥
विकरन रु दुर्मुख वीर हां,
सल दुसासन धृत धीर व्हां ॥
दुर्विजय दुस्सह देखियैं,
दुर्मुख रु दुर्विष पेखियैं ॥९१॥
दुर्जयादिक सुत तोर जे,

॥ ८७ ॥ ८८ ॥ (१) युद्ध ॥ ८९ ॥ ९० ॥ ९१ ॥

भट भीम मारे भोर जे ॥
इन मरन दुख अति आपकौं,
प्रभु! लखहु पत्थ प्रतापकौं ॥९२॥
भट कर्न मारन भूख ही,
किल फैलगी वह कूक ही ॥
जब मरैं सूम जिहाँनके,
हिय जरैं तीय सुजाँनके ॥९३॥
कहुँ जरैं हीय सुमात के,
कहुँ जरैं निज गृहजात के ॥
जब मरैं दानिय हेर ह्वां,
गृह जरैं धोबिनकेर ह्वां ॥९४॥

धृतराष्ट्र वचन ॥

दोहा ॥

सुन संजय! मेरे मरे, जिनकौं लिन्हे जान ॥
अब जे धर्म्मजके मरे, तिन्हैं[२] चहत मम कान९५

संजय वचन ॥

अर्द्ध हरिगीतिका छंद ॥

नृप सत्यजित वड नाम भौ,

॥९२॥९३॥(१)जैसे धोबी का घर जलने से कइयों के कपड़े जलते हैं उनको दुःख होता है वैसे दोनों के मरने पर कवि आदि अनेक गुणियों को दुःख होता है ॥९४॥
[२]मेरे कान ॥९५॥

तिंहिं मारि द्रोन ललाम भो ॥
पंचाल गन गुन पूर हे,
सुन हनिय द्रोन सु सूर हे ॥ ९६ ॥
नृप मच्छ के भट केक ही,
उन हने हो द्विज एक ही ॥
नृप द्रुपद भूप विराट हैं,
तिन द्रोन मारे पौन व्हैं ॥ ९७ ॥
तिन के जिते सुत हे तहां,
संखादि द्विज मारे तहां ॥
उत्तर हि सल्य हन्यौ तितैं,
जित स्वेत भीष्महिसौं वितैं ॥ ९८ ॥
अभिमन्यु कौं दुस्सासनी,
भिर मार लीन्ह विभा भनी ॥
अंबष्ठ नृप कौ पूत हौ,
लच्छमन हनिय सुपूत भौ ॥ ९९ ॥
नृप हौ विहंत सुबीर ही,
तिंहिं हनि दुसासन तीर ही ॥
मनिमान नृप अति नूर कौं,
द्विज हन्यौ ता सम सूर कौ? ॥ १०० ॥

॥ ९५ ॥ ९७ ॥ ९८ ॥ ९९ ॥ १०० ॥

नृप दंडधर हु प्रचंड हौ,
वह द्रोन रन तैं खंड भौ ॥
नृप अंसुमान प्रवीन हौ,
तिँहिँ हन्यौ द्विज नहिँ दीन हौ ॥१०१॥
नृप चित्रसेन विचित्र हौ,
दधिसेन मार पवित्र भौ ॥
नृप नील रनजयकील हौ,
तिँहिँ मार द्रौनिय वीर भौ ॥ १०२ ॥
नृप व्याघ्रदत्त सुनीर व्हां,
चित्रायुध हु जस चीर व्हां ॥
चित चित्र यौं धिय चानिएं,
विकरन हने अहु दानिएं ॥ १०३ ॥
केकय नृपहु अति क्रूर हौ,
हनि तोर केकय सूर हौ ॥
जगधेजय हु नृप जानकौ,
वह पर्वतीश[2] पिछानकौ ॥१०४॥
जाहर करयौ भुज जोर व्हां,

॥१०१॥१०२॥१०३॥ (१ केकय दो थे एक पांडवों की ओर और दूसरा कौरवों की ओर. कौरवों की ओरवाले ने दूसरे को मारा ॥ २) पहाड़ शब्द की जगह पर्वती शब्द रक्खा है, उसका स्वामी ॥१०४॥

दुर्मुख पछार्‌यौ दोर व्हा ॥
इक नाम के द्वे भ्रात हे,
नृप रोचमान विख्यात हे ॥१०५॥
तिँहिँ जुग्म कौं तित तोर कैं,
जित द्रोन जय लिय जोर कैं ॥
पुरुजित नराधिप इष्ट हौ,
तिँहिँ कुंतिभोज कनिष्ट हौ ॥१०६॥
कलि बीच तिन सम कौन व्हां?,
दुहुँ बीर मारे द्रोन व्हां ॥
अभिभू बनारस पति लरे;
बसुदान सुत मारे परे ॥१०७॥
नृप मित्रवर्मा नीति कौ,
पटु द्रोन हनि बिनु प्रीति कौ ॥
जिँहिँ क्षत्रदेव सुनाम हौ,
सु सिखंडि पुत्र ललाम हौ ॥१०८॥
तव पौत्र लछमन ताहिकौं,
हनि पूर्न किय चित चाहि कौं ॥
रु सुचित्र नृप मजबूत हौ,

॥१०५॥१०६॥ (१) अभिभू और बनारस के राजा इन दोनों को बसुदान के बेटे ने मारा ॥१०७॥१०८॥

तिंहिं चित्रवर्मा पूत हो ॥१०९॥
हुँहुँ सीस तोरन डार कैं,
लुभि द्रोन हनि ललकार कैं ॥
नृप वर्द्धक्षेम निहारियैं,
अमितौज द्युति धर धारियैं॥११०॥
वर पुत्र सेना वृन्द कौ,
अरि सास्लवान अरिंद को ॥
तिंहिं हन्यौ वाल्हिक नैं तितैं,
मनहैं पखान कहूं चितैं ॥१११॥
सिसुपाल कौ सुत बाम हौ,
तिंहिं धृष्टकेतु सुनाम हौ ॥
रु सुकेतु बीरन वीर भौ,
लरि मरिग उत न अधीर भौ ॥११२॥
नरनाह सेनाबिंदु हू,
अरु सास्त्रवान जसिंदु हू ॥
अति प्रबल हे निज ओज तैं,
मरिगे ति द्विज सर मोज तैं ॥११३॥
नृप सत्यधृत नरनाह हौ,

॥१०९॥११०॥१११॥११२॥११३॥

मद्रिराज नृप सउछाह हौं ॥
नृा सूर्यदत्त नरेस ह्वाँ,
हनि द्रोन भय कृत भेस ह्वाँ ॥११४॥
सुन स्रोनमान सुहावनौं,
बसुदान स्वजस बधावनौं ॥
उत जुग्म जुरवै आपगौ,
खिजि द्रोन दोहुन खापगौ ॥११५॥
अरि मरे जे उत आयकैं,
गुन कहैं कतिक गिनायकैं ॥
कति आपने कति आनके,
जे रहे ते मरिजानके ॥११६॥

धृतराष्ट्र वचन ॥

दोहा ॥

जान परे जेजे अरे, जेजे मरे जवाँन ॥
भरत लरत इतके सुभट, जेजे कहहु जवाँन ११७

संजय वचन ॥

अर्द्धहरिगीतिका छंद ॥

॥११४॥ (१)युग्म अर्थात् जोड़ा ॥११५॥११६॥ (२) मरे हुए वीरों का भूतकाल का वृत्तान्त तो होचुका अब वर्त्तमान काल का वृत्तान्त है ॥११७॥

अब नृपति इत चित आनियैं,
छवि जियत तिनहिं पिछानियैं ॥
वर वीर द्रोनिय वीर ¹ह्वां,
तकि तीर मारत तीर ह्वां ॥११८॥
रु हृदीकसुत आनर्तहू,
²अहुटयौ न अरिगन अर्तहू ॥
जित लरत कृतवर्मा जुर्‌यौ,
अरि हननतैं जस अंकुर्‌यौ ॥११९॥
मद्रेस सल्यहि मोदमैं,
सैंधव नरेस विनोदमैं ॥
कांबोज किलकत कालसौ,
सुन भी³ष्म अरि उर सालसौ ॥१२०॥
भट पार्वती जय भूखमैं,
भट वनायुज सु पियूखमैं ॥
उत सकुनि सत्रुनसौं अरैं,
पुनि कृपाचार्य लरैं परैं ॥१२१॥

---

(१) समीप में ॥ ११८ ॥ (२) पीछा न फिरा ॥ ११९॥
(३) गांगेय स्वच्छन्द मृत्यु होने से मोजूद थे ॥ १२० ॥
(४)पार्वती नाम के(५)विजय की क्षुधा वाला (६)अमृत पान से अमर होना ॥ १२१ ॥

केकय नरेस तनूज ऊहां,
चित्रायुधहु जस बूझ ऊहां ॥
जित भूप श्रुतवर्मा जुरैं,
सल्ल दुसल्ल दुँहूँ मन क्यौं मुरैं ॥१२२॥
रु श्रुतायु नृप जस छंदमैं,
नृप चित्रसेन अनंदमैं ॥
चित्रांगदहु चित चैनमैं,
सु धृतायुधहि भट सेनमैं ॥१२३॥
तिन रिपुंतृननमैं तोर ऊहां,
सुत अगनिगोला जोर हां ॥
कहि वचन संजय ऊहै ऊहां,
धृतराष्ट्र धूनिय मूंडुं ऊहां ॥१२४॥

सोरठा ॥

भारतदर्पन ग्रंथ, कासीनृप कारित विपुल ॥
पकर वाहिकौ पंथ, सुभट नाम इत संग्रहे १२५
चित संदिग्ध पिछानि, नाम कतिक भाखे नहीं

---

(१) कीर्ति की कदर करनेवाला अथवा समझनेवाला ॥ १२२ ॥ (२) इच्छा ॥ १२३ ॥ (३) ये सब शत्रु तृण हैं (४) उनमें तेरा पुत्र अग्नि का गोला है (५) मस्तक ॥१२४॥ ॥ १२५ ॥

मोरग्रंथलघुमानि,कतिककथातावधतजिय१२६

घृतराष्ट्र वचन ॥

दोहा ॥

सुन संजय सब सुन चुके, बीते रनकी बात ॥
करनहिंसेनापतिकियो,सुनश्रोमनश्रकुलात१२७
कथा पूर्व तैंनैं कही, सूमन दान समान ॥
करनदानसमकरनकी,मन चाहतमतिमान१२८
आहवबिचकिंहिंधाअरयौ, लग्यौकौनविधलाग
पारथपरकिंहिंधापर्यौ,मर्यौकौनछलमाग१२९

सोरठा ॥

करन पैरन उर पीर, दीनन दुख दूरिकरन ॥
करन देहु वर वीर,करन जुद्धजुट्टिय करन१३०

छन्द मौक्तिकदाम ॥

झर्यौ रन द्रोन अरातिन भूमि,
मुरे तब द्वै दल डेरन घूमि ॥

॥ १२६ ॥ १२७ ॥ (१) सूमों के दान के समान अर्थात् संक्षिप्त (२) कर्ण के दान के समान अर्थात् विस्तृत ॥ १२८ ॥ (३) कौन से कपट के रस्ते से ॥१२९॥ (४) शत्रुओं के हृदय में पीड़ा करनेवाला (५) हे धृतराष्ट्र तू कान दे अर्थात् सुन (६) कर्ण युद्ध करने लगा ॥१३०॥

भयौ इत सोक उतैं सुख भाव,
दुहूँ दल घूमनकौ इढ दाव ॥१३१॥
सुयोधन और सुभट्टन ठट्ट,
सरे थित द्रोनिय सोक सकट्ट ॥
पृथू कृप द्रोनियकी गिरि पीर,
वहायदई नृप नैनन नीर ॥१३२॥
भयौ नृप व्याकुल व्हां इहि भाय,
जरैं लखि जीय कह्यौ नहिं जाय ॥
विचार कियैं इमही वह वेर,
करैं नृप खातर विप्रन केर ॥१३३॥
बन्यौ निहिं ठां प्रतिलोमँ विधान,

---

(१)इधर कौरवों की सेना में तो दुःख से घूमना अर्थात् सिर पीटना हुआ (२) उधर पांडवों की सेना में सुख की चेष्टा सिर हिलाने रूप अनुभाव हुआ ॥१३१॥(३) चले(४)शकट अर्थात् गाड़ा (५)अश्वत्थामा और कृपाचार्य की द्रोण के मरने रूप पर्वत जैसी भारी पीड़ा को (६)राजा दुर्योधन ने आंसुओं से बहा दिया अर्थात् राजा के अश्रु आनेसे उनको अति सान्त्वना होगई ॥ १३२ ॥ ॥ १३३ ॥ (७) उलटा करना. लोकरीति यह है कि अपने मुलाहिजेवाले की मृत्यु होने पर उसके घर पर जाकर दूसरे घरवालों को विश्वास देते हैं परन्तु यहां दुर्योधन

दयो तिंहिं भूपहिं विप्रन ज्ञान ॥
दई जु पितृव्यै दई मतिगेर,
बन्यो अति आश्रव आरन वेर ॥१३४॥
बड़े जन भाखत हैं यह बानि,
समैं नहिं चूकत धीर सुज्ञानि ॥
उठे सब आपुन डेरन आय,
जबैं किय पितॄपगू कृत जाप ॥१३५॥
दुसासन सौबल कर्न ससोक,
अटे दुरजोधन धां दुख ओक ॥
गई निस द्रान गुनावलि गात,
भयो नहिं मंत्र भयो परभात ॥१३६॥
परे तिँहुँ पूर्न महार्नव पीर,

ऐसा घबराया कि अश्वत्थामा और कृपाचार्य ने उलटा दुर्योधनको विश्वास दिया यही प्रतिलोम विधान हुआ (१) चचा विदुर ने जो उद्योगपर्व में बुद्धि दी थी वह इसने गेर दई अर्थात अंगीकार न करी (२) वही दुर्योधन युद्ध के समय अत्यन्त आश्रव अर्थात् कहना माननेवाला होगया ॥१३४॥ (३) पिता भीष्मकी माता गंगा पर जाकर संध्या का कृत्य किया ॥१३५॥ (४) शकुनि (५) दुःख का घर (६) सलाह समाप्त न हुई ॥१३६॥ (७) तीनों अश्वत्थामा, कृपाचार्य और दुर्योधन (८) महासमुद्र

बनैं जु जहाज सु कर्नहि वीर ॥
यहौं बिच ताहि बड़ा अवचाट,
घनो रन भार कितैं जयघाट ॥१३७॥
जथा जहरी अहि फूंक प्रकास,
सु प्रश्न रु उत्तर सास उसास ॥
सह्यौ न पर्यौ घबराहट सैंन,
लगी मिरचैं बनि नींद सु नैंन ॥१३८॥
परैं निसमैं सिर नाँ अरि आय,
छटा द्विज द्वै दल दष्षिय छाय ॥
पर्यौ कटि द्रोन खरो मनु पास,
बिलावत फूल जथा थिन बास ॥१३९॥
बचावहु द्रोन हनैं पटु तीर,
बकैं इम पाण्डव बाहनि बीर ॥
रही जमि ग्रीसमलौं बड़ रात,

(१) बड़ी नौका (२) अत्यन्त चिन्ता (३) विजय रूप तट ॥ १३७ ॥ (४) सर्प का फुंकार (५) नेत्रों में नींद मिरचें बन के लगी जिससे नेत्र मिलते नहीं। यहां परिणाम अलंकार है ॥ १३८ ॥ (६) द्रोण की छवि ॥ १३९ ॥ (७) द्रोण पटु (तीक्ष्ण) तीरों से मारता है (८) सैना (९) रात्रि ग्रीष्म के समान जमगई

मिरे हरि भूल भयो परभात ॥१४०॥

दुर्योधन वचन ॥

गहो वर मंत्र रु मौन गहो न,
करें अब सेनप सो भट कौन ॥

कविवचन ॥

बिचारिय द्रोनिय है मम बैर,
करो मुंहि कौन कहै मुख टेर ॥१४१॥
चह्यो चित भीतर हान चमूप,
भनो मन ऊपरसों मन भूप ॥
करें कुरुसेनप त्यों भट कर्न,
बनावहु भूप सुने मम बर्न ॥१४२॥
हुलो चित चाह मनं हम सैन,
मिलो मनु ऊधनहारहि सैन ॥
सुभ्यो सुमुहूर्त करावन स्नान,

---

(१) फिर जैसे श्रीकृष्ण ने भ्रम से युद्ध के नाते चक्र ज्ञान सें लिया वैसे रात्रि की भूल से प्रभात हुआ ॥ १४० ॥ (२) सलाह को ग्रहण करो (३) सेनापति (४) अश्वत्थामा ने विचारा कि मेरे पिता के पीछे बारी मेरी है (५) परन्तु "मुझको सेनापति करदो" यह मैं नहीं कहता ॥ १४१ ॥ (६) राजा ने अश्वत्थामा के शुभ वचन सुनकर कहा कि कर्ण को सेनापति बना दो ॥ १४२ ॥ (७) शय्या

सुकंचन[1] कुंभ झुक्यौ सिर आन ॥१४३॥
उठी उपमा हिय यौं हरखात,
जथा सुतकौं सिर सूँघत तात[2] ॥
इतैं घट है उपमेय अनूप,
रह्यौ उपमान कवी रविरूप[3] ॥१४४॥
प्रभू पहराय पटांबर प्रीति,
रचे बहु रत्नन जेवर रीति ॥
हिये पर पुष्पनके बर हार,
विठाय उदुंबर[4] पट्ट[5] उदार ॥१४५॥
चढी मति देन चमूपति चाह,
दिये बहु दान सराहि सराहि ॥
बढ्यौ चित चैन सबैं थित सैन,
निहारत ज्यौं ससि ओसभ नैन[6] ॥१४६॥
चढ्यौ निज चाक्रँ[7] उछाह चमूप,
रुप्यौ दल देखि दलाधिप रूप ॥

(१) सुवर्ण का कलश ॥१४३॥ (२) पिता सूर्य मानों कर्ण का सिर सूंघ रहा है (३) सूर्य रूप ॥ १४४ ॥ (४) गूलर (५) पाटा ॥१४५॥ (६) जैसे औषधि नेत्रों से (शास्त्रों में औषधियों के नेत्र कहे हैं इससे नेत्र कहा है) चन्द्र को देखकर सुखी होती है वैसे एककर्णको देखकर सब सेना सुखी हुई ॥ १४६ ॥ (७) रथ

सजे हय स्वेत ध्वजा पुनि स्वेत,
मनोहर हाटक हेल समेत ॥१४७॥
भये सुख सञ्जुन स्वेत रु पीत,
अलंकृति तञ्जुनकी रुचि रीत ॥
धरयौ धनु हत्थ रु सत्थ तुनीर,
भरयौ रथ सञ्जनकी वर भीर ॥१४८॥
चल्यौ दल व्योम लयौ रज छाय,
अपाप सु गंग अपाप लखाय ॥
विभा घन संखन व्यूढ विराव,
चमक्किय सस्त्र सु बीज प्रभाव ॥१४९॥
भई रस वीर त्रिभा झर भाय,
कटे कुपि सोक अने दरसाय ॥
जहाँ कुरुराज कुदिष्ट जबान,

(१) सुवर्ण की कलई ॥ १४७ ॥ (२) भाथा (तरकस) ॥ १४८ ॥ (३) पाप रहित गंगा है वह अपाप (नहीं है आप नाम जल जिसमें ऐसी) होगई (४) सेना की शोभा मेघ की सी है (५) शंखों का बड़ा शब्द मेघ की गर्जना के तुल्य है ॥ १४९ ॥ ६) शोक झड़ी सें तृण समान बह गया. और वे क्रोध में आकर कट गये ७) दुर्योधन की वाणी है सोही दुष्प्रारब्ध है उससे

अछ्यौ अति उग्र अवग्रह आन ॥१५०॥
भयौ दुरभिच्छ घनो रन घोर,
जन्यौ कृषि जुग्म पिता गुरु जोर॥
चमूप भुजा नभ भाद्रव चाल,
बनें जय रूप सुभिच्छ विसाल ॥१५१॥
ग्रहग्रह बज्जिय लंबक तूर,
सुने रव सैंधव जहाँ गन सूर ॥
भये भट उन्मुख सत्रुन ओर,
मनौं लखि मेघन मोदित मोर ॥१५२॥
सत थित सामित साख प्रसाख,
अगे घन नच्चनकी अभिलाख ॥
थरत्थर कंपिय भूधर भूमि,
ति चिक्किय दिग्गज सुंडिन चूमि॥१५३॥
सराहिय सेस सु कच्छप पिट्ठि,

---

(१) अवग्रह अर्थात् वर्षा का रुकना हुआ ॥१५०॥ (२) उससे सांवणू ऊनाळू दोनों कृषि (खेती) नष्ट होगई जो भीष्म और द्रोण रूप हैं ॥१५१॥ (३) वाद्य विशेष (४) रागिनी विशेष ॥१५२॥ (५) बड़ी खांप (६) उसमें से फटी हुई छोटी खांप (७) शूर पक्ष में मजबूत. मयूर पक्ष में मेघ (८) पर्वत और वराह (९) चीत्कार किया॥१५३॥ (१०) शेष ने

दई तित तुंडि फनावलि दिट्ठि ॥
अटे उत वीर सुवक्र अवक्र,
मनोहर व्यूह रच्यौ छवि मंक्र ॥१५४॥
उतैं हुव अग्रिम कर्न अचूक,
अरे दुहुँघां सकुनी रु उलूक ॥
बन्यौ सिर थांनक द्रोनि सुवेस,
दिपैं नृप भ्रात तितैं गल देस ॥१५५॥
वढ्यौ कृतवर्म दिसा वरवाम,
विभा लख ठेई रिपु वाम अवाम॥
दिसा जम दीह दिपी कृप दाय,
जनौं जम एवज सज्जिय जाय ॥१५६॥
चह्यौ चित व्यास सजीव सुमक्र,
वन्यौ विचजीव सुयोधन वक्र ॥

कच्छप की पीठ की प्रशंसा की जिसका तात्पर्य यह है कि तुम्हारी पीठ बड़ी कठोर है और वराह ने शेष के फणों की ओर देखा जिसका तात्पर्य यह है कि मेरे तो एक ही तुंड है और तेरे हजार फण हैं (१) मकर व्यूह ॥ १५४ ॥ (२) स्थान ॥१५५॥ (३)वाम अर्थात् टेढे जो शत्रु हैं वे अवाम अर्थात् सीधे होजाते हैं (४) कृपाचार्य के विभाग की बड़ी दक्षिण दिशा शोभा देने लगी ॥ १५६ ॥ (५) यहां व्यास भगवान् की इच्छा

सुषेन रु सल्य पिले दल पिठि,
दलाधिप पिठि मनों दुवे दिठि ॥१५७॥
धरी नहिं देखि युधिष्टिर धीर,
न रोम उछाह सरोम सरीर ॥

युधिष्ठिर वचन॥

अरे दुव भीसम द्रोन अभीत,
अन्यौ इक कर्न अगाति अजीत ॥१५८॥
सुनौ सब भ्रात सलाह सुसार,
बनावहु व्यूह विधान बिचार ॥
चल्यौ दल बाम वृकोदर वक्र,
चल्यौ दिस दच्छिन सोम्प सचक्र॥१५९॥
अट्यौ भट पत्थ भुजाबल अग्र,
सज्यौ सु युधिष्ठिर मध्य समग्र ॥
पटू भट माद्रिज द्वै दिपि पिठि,

जीवित मकर से है सो जीव दुर्योधन है (१) मानों दोनों वीर सेनापति के पीठ के नेत्र हैं ॥ १५७ ॥ (२) उत्साह तो रोम भर भी नहीं और शरीर रोमाञ्च सहित होगया ॥ १५८ ॥ (३) धृष्टद्युम्न (४) सेना सहित ॥ १५९ ॥ (५) यद्यपि महाभारत में अर्जुन का व्यूह के अगाड़ी रहना नहीं लिखा है तथापि योग्यता से आगे होना अर्जुन का संभव है ॥ १६० ॥

दई छुत दुर्जन दावन दिट्ठि ॥१६०॥
जथाविधि जंपिय व्यास जबान,
इहां परमेस कवी मति आन ॥
रच्यौ नर अर्द्धससी दल रूप,
भई रनभूमि त्रिलोचन भूप ॥१६१॥
जुरे सुत द्रोपद नैनन जोर,
मिख्यौ द्रग पारथ भो भत मोर ॥
जहां रिस जागि रही जल ज्वाल,
अरै परि कर्न सु काम करालं ॥१६२॥
जग्यौ भट भीम हलाहल जग्र,
अनोपम गंग युधिष्ठर अग्र ॥
कहै कवि पद्म सु सात्यकि रूप,
सज्यौ वर भस्म करा छवि सूर ॥१६३॥

---

(१) अर्जुन ने अर्द्धचन्द्र व्यूह बनाया (२) त्रिलोचन के राजा धृतराष्ट्र युद्धभूमि महादेव रूप लागे ॥१६१॥ (३) महादेव का रूपक दिखाते हैं. महादेव के तीन नेत्र हैं जैसे यहां द्रुपद के दोनों पुत्र हैं सो तो सूर्य और चन्द्र नेत्र हैं (४) और अर्जुन तीसरा आग्नेय रूप नेत्र है (५) अर्जुन का क्रोध नेत्र की ज्वाला है (६) कर्ण है सो कामदेव है ॥ १६२ ॥ (७) और भीम विष अर्थात् जहर है (८) और सात्यकि याद्व भस्म कड़ी छवि से भरा हुआ है अर्थात् सात्यकि भस्म कड़ा रूप है (९) वीर

बन्यो दल कोरुन मक्र सु व्यूह,
उलट्टत ईक्खन हारन ऊह ॥
गन्यो दल पंडुनकों गजमत्त,
बचावनहार हरी हितरत्त ॥१६४॥
सुयोधन आदिक दंतन डोल,
चमूपति पुच्छ चहं सु चँदोल ॥
इला बनि अर्नवके अनुकार,
सुधा सम वीर विकर्न बिचार ॥१६५॥
भाखि इन्हैं हुव परसपर आनंदित भारी,
दोहूँ उद्भट देखि सुर कुसुमावलि डारी ॥
कूदि करन रत्थपै परयौ दोनाचलधारी,
फिरकीलौं फिर नखनतैं ताकी ध्वज फारी११८
करन कह्यौ ज्यों मैं मरूं तैं कौन विचारी,
सल्य कहिय मैं इनहुँ नर व्है कैं धनुधारी ॥
मारैं जो तुहि पत्थ तो कहि कत्थ मुरारी,
मैं व्है कैं रथि करनकौं मारहुँ मर्म वारी ११९
देख्यौ कन्हहिँ सल्यनैं दृष्टी विषवारी,
धरि हरि दृष्टिय सल्यपैं का सुसुधा धारी ॥

(१) बढ़कर ॥ ११५ ॥ ११६ ॥ (२) नदी के तीर के जैसे ॥ ११७ ॥ (३) पुष्पवृष्टि (४) हनुमान् (५) बालक के खिलौने के जैसे ॥ ११८ ॥ (६) श्रीकृष्ण (७) अब मेरी बारी है ॥ ११९ ॥ (८) ज़हरवाली (९) क्या अच्छी अमृत से भरी हुई. यहां वक्रोक्ति अलंकार से बहुत

निरखें सुर इत असुर इत दुहुघां सुरनारी,
भल्लजाति नर करनके चले सर भारी ॥१२०॥
बीते हय गय गेइ१ भगि सेना दुहुँवारी;
कृप द्रोनी सकुनी करन कोपे२ बलकारी ॥
बरबीरनकी थान दै नर३ सौंज बिगारी,
सर दस दीने बच्छमैं४ हुव करन सुखारी५॥१२१॥
सत्तै६ रथी७ रु निसादि सत्त केतक हयधारी,
आये नरकौं मारवैं किय सार्स८ भिखारी ॥
उत द्रोनी कुरुराजसौं यह बत्त उचारी.
भीस्म द्रोन दोनौं नरे तक९ करन तयारी॥१२२॥
यह सलाह पंडूनसौं कर प्यार अँनारी१०,
मानहिंगे मम बच्च विजय धर्मज११ नरकारी१२ ॥
अर्द्धौ१३ धर तुहि अपिहैं धरक्षै मतिधारी१४,

बुरे जहर से भरी हुई समझना ॥ १२० ॥ (१) भग गई (२) पराक्रम करनेवाले (३) अर्जुन की सामग्री बिगाड़ दी (४) छाती में (५) सुखका शत्रु अर्थात् मिटानेवाला ॥ १२१ ॥ (६) सौ संख्यावाले (७) हाथी पर बैठनेवालों का सैकड़ा (८) स्वास की भिक्षा मांगनेवाले करदिये (९) देख ॥ १२२ ॥ (१०) हे गँवार (११) युधिष्ठिर (१२) श्रीकृष्ण (१३) आधी राज्य भूमि (१४) हे बुद्धिमान्

चिरंजीवी कृप हौं वनेंहिं[1] तव राज रुखारी१२३
जियतरहे तिनपै दया कर ठ्हैं सुखकारी,
अंगीकार करायहैं कर नहिं[2] मृति टारी ॥
तित नृप भाखिय द्रोनितैं हित वत्त तिहारी,
दूसासन हिय हुल्लदैं[3] रतधार[4] निकारी ॥ १२४ ॥
कटुबातैं कहि दबि[5] उर अरु लत्तामारी,
पीनौ[6] रत नच्चिय जथा नच्चैं जंगनारी[7],
भीम[8] वक्त्र सूक्यौ न रत पिय छत्तिय फारी ॥
हैं हौंनी सो होयहैं नीकैं निरधारी ॥ १२५ ॥
पै[9] पांडुनसौं प्रीति तो स्वप्नहु न हमारी,
खुसी मान द्रोनी[10] खरो यह करन खिलारी ॥
वरैं[11] नर विजय बिगारिहैं ज्यौं बंस कुनारी[12],
दावकरैं दोहौं खरे बधि वारी वारी ॥ १२६ ॥
कुक्कुट[13] है उपमान लघु खिजि जुग्म[14] खिलारी,

(१) वनैगी. यहां निर्बलता व्यङ्ग्य है ॥ १२३ ॥ (२) मरना (३) खड्ग के अग्रभाग को देकर (४) रुधिर की धारा॥१२४॥(५)छाती को पैर से दबाकर(६)रुधिर पिया और नाचा (७) वेश्या(८)भीमसेन का मुख ॥१२५॥ (९) परन्तु(१०)हे अश्वत्थामा (११) विजयलक्ष्मी को वरने वाला(१२) व्यभिचारिणी स्त्री ॥ १२६ ॥ (१३) मुर्गा (१४) जोड़ा

सस्त्र अस्त्र इत उत सरे कति दल संहारी ॥
अग्नि अस्त्र अति पत्थसो प्रजरयो दल भारी,
भीम कह्यो ललकारकैं सुन गांजिवधारी१२७।
तूं वह नहिं का वाटिका जिहिं खंडिव जारी,
निरखहु जारी करन तो वारी जसवारी ॥
मेरी वीरं हकारकैं सब सेना भागी,
देकर चिंबुक रु प्यार करकहिवत्तनिहारी१२८
वर नर कोन अभाग्यतैं यह रीति तिहारी,
कल्पवृक्ष दीनों न फल सूलैं कित डारी ॥
भाग्यहीन ते हों लियें जोरी हयवारी,
एतेहूपैं भंगिनी मम लख तव गृहनारी॥१२९॥

॥ छप्पय ॥

करनमुच्छकरिकैंरनसकुनिसुभसकुनविचारत,
सब भ्रातनमैं समटि सुयोधन दृष्टि न टारत ॥
तूं नृप पंडु सुपुत्र पृथा स्तनको पैंय पीनो,

(१) बहुत जला (२) हे अर्जुन ॥ १२७ ॥ (३) फुलवाड़ी (४) जलाया था (५) वाटिका (६) हे भाई वा बहादुर. यहां श्लेष से वीर शब्द के दोनों अर्थ प्रकृत होने से शाब्दी उपमा व्यङ्ग्य है (७) ठोढ़ी पर (८) श्रीकृष्ण ने ॥ १२८ ॥ (९) घोड़ों की जोड़ी (१०) मेरी बहिन (सुभद्रा) ॥ १२९ ॥ (११) हाथों को (१२) दूध

सब बिधि धर्मज समुझि कलह भटभूखन कीनौ
संबंधि मुकुट मित्रनमुकुट सत्रुमुकुट जय सी-
स लौं ॥
लौवाह आह अच्छर अरिन अब बड भ्रात अ-
सीस लौं ॥ १३० ॥

॥ छंद मनहर ॥

आज कुरुनाह ओर आज जयचाह ओर
आज उरदाह ओर अनुज मरनकी ॥
आजको अरन ओर सूरन भरन ओर,
बानन सरनि ओर करन करनकी ॥
बीरता छई है जग बोरिवेके बद्दरलौं,
धीरता भई है ध्वंसै धरनीधरनकी ॥
ऐसो ना निसंक होहु अंकै धरि मारैं अरि,
ऐसो ना ससंक होहु बंक है परैनकी।१३१।

(१) युधिष्ठिर ने (२) युद्ध (३) योद्धाओं में भूषण किया (४) शत्रुओं में मुकुट सदृश (कर्ण) को (५) यहां क्रमसे अप्सराओं की वाहवाह और शत्रुओं की हाय हाय ॥ १३० ॥ (६) छाती की जलन और ही है (७) छोटे भाई (दुःशासन) के (८) भिड़ना (९) बाणों की पंक्ति (१०) जगत् को डुबानेवाले (११) नाश (१२) शेष की (१३) गोदीमें (१४) तेरा बांकापन शत्रुओंके चलाजाय।१३१।

॥ अर्जुनवचन ॥

अश्व[1] सप्तआस्य[2] वरवार[3]क रवीसो हैपै,
मेष[4] वृष[5] पै है फेर मिथुन[6] पै जावै है ॥
कर्क[7] सिंह[8] कन्या[9] तुला[10] वृश्चिक[11] पै है कै धनु[12],
मकर[13] पै है कै कुम्भ[14] मीन[15] हू को ध्यावैहै ॥
द्वादशको वासी वासा स्वामि सिंह रासियको,
तू है ति[16] हिं पुत्र यों कहूंक सुनि पावैहै ॥
हांसीको न भी[17] ति स्यार रासीपै सिधावै सठ[18],
यह सिंहरासी खासी इतै क्यों न आवैहै॥१३२॥

(१) घोड़ा (२) सात मुंहवाला जो कभी ब्रह्मा की सृष्टि में सुनाहि नहीं (३) अच्छा सवार सूर्य जैसा (४) यहां मेषादि शब्दों में श्लेष होने से सर्वत्र दो २ अर्थ जानना जैसे राशि, विशेष और मीढ़ा, इस पर जाना अनुचित है. इस तरह सब जगह जानना. (५) राशि और बैल (६) राशि और स्त्री पुरुष का जोड़ा (७) राशि और जलचर कैंकड़ा या हड्डियों का पींजरा (८) राशि और गो आदि पशुओं को मारने वाला (९) राशि और कुमारी (१०) राशि और तराजू. यहां तुलादान के सिवाय चढ़ना अनुचित है (११) राशि और बिच्छू [बड़ा जहरीला जन्तु](१२)राशि और कमान. जोकि स्वभाव से ही कुटिल है. (१३) राशि और मगर (१४) राशि और घड़ा (१५) राशि और मछली (१६) उस सूर्य का (१७) डर (१८) हे मूर्ख ॥११२॥

॥ छंद त्रुमिला ॥

इम तत्थे कही हरि चित्त लही,
धर पत्थ [1]अकत्थ [2]अमर्ष भर्यो ॥
तित प्रेरिय [3]अस्त्र लख्यौ तिहिं कर्न,
स्वअस्त्र चलाय न अस्त्र कर्यो ॥
सर तीन नवीन प्रवीन लये,
कर भीम हरी नर हीय दिये ॥
कुपि पत्थ समत्थ सपत्तिय हत्तिय,
पत्तिय कत्तिय चूरकिये ॥१३३॥
किय सल्य हिये अति सल्य दिये,
सर कर्नजकै उर सल्य भरे ॥
कुपि कर्न कँराल सराल अचाल,
सुख्याल पंचाल विहाल करे ॥
खित तंत्रन मंत्रन जंत्रनतैं,
गत आप युधिष्ठिर भूप तितैं ॥
लखि सत्रु थरत्थर [10]देह भयो,
डर आय खरो वर भूप कितैं ॥ १३४ ॥

(१) वहां (२) नहीं कहने योग्य (३) क्रोध (४) अस्त्र रहित अर्जुन को (५) घोड़े ॥ १३३ ॥ (६) बहुत घाव (७) भयंकर (८) व्याकुल (९) घाव (१०) बड़ा ॥ १३४ ॥

हसि सूतज हट्टिय बान उछट्टिय,
ज्यों कुपि कट्टिय पत्थ लही ॥
हरिकौ नरकौ उंर ह्वाँ सरसौं,
भर ना सरसौं भर ठौर रही ॥
जनु पारथ जानिय सूतज दानिय,
तेज अमान सुथान भयो ॥
रथि ह्वै जिहिँ रीत तथाविधि सारथि,
सल्यहु दारिददीप्ति छयो ॥१३५॥
कुपि पत्थ समत्थ दयो सर अत्थ,
दुकर्न रु सल्य धनाढ्य छिपैं ॥
सर कर्न दिये मनु पत्थ हरी,
उर ऊर्भ्भर नग्र बजार दिपैं ॥
ललकार ककैं नर कोरुनके,
नर जुग्म हजार प्रहार हरे ॥

(१) अर्जुन की प्रत्यंचा (२) छातीको (३) बाणों से भरदिये (४) सर्षप मात्र (सरसों जितनी) भी ठौर न रही (५) कोश (खजाना) और दण्ड (सेना) रूप (६) घोड़ों को चलाने रूप दरिद्रपन की शोभा से ॥ १३५ ॥ (७) बाण रूप धन ऐसा दिया कि जिस से धनवान् भी छिपजावैं, (८) उजड़ हुए नगर के मानों बाजार शोभते हैं (९) दो हजार मनुष्य.

जिम भद्र[1] सिखा तिम जुद्द[2] सिखा,
तित कर्न रह्यो तजि दूर खरे ॥ १३६ ॥
छकि रोष कह्यौ बकि जोस खरो,
इक हौं इक तूं नर आव इतैं ॥
रन रत्थहिं रोकिय नाथ[3] इतैं,
कुपि पत्थ कही रुक जात कितैं ॥
गुनवान[4] दुहूँ दुहूँ पान[5] गहैं,
दुहुँ ज्वान दुहूँ दुहुँ बान गहैं ॥
निज[6] थान तज्यो नभ[7] आन खरे,
सुर आन विमान पिछान लहैं ॥१३७॥
कहि चैन[8] अचैन न नैनन नैनन,
बैनन बैनन जोरि लरी ॥
इत पत्थ सुगत्थ[9] समरत्थ उतैं,
रन कर्न समीरन[10] पर्न अरी ॥
हसि अक्खहु कट्टिय सल्लहु कट्टिय,

(१)जैसे मुंडन कराये हुए आदर्मीकी चोटी(२)युद्ध करने वालों में मुकुट (कर्ण)॥१३६॥ (३) श्रीकृष्ण ने [४] धनुष (५)हाथों में लिये (६) स्वर्ग (७) आकाश ॥ १३७ ॥ (८) सुख और दुःख (९) अच्छा है पक्ष (यश) जिसका (१०) कर्ण रूप वायु से शत्रु रूप पत्ते उड़े.

वख्रहु दोहूँ दाव करे ॥
नभयानन[1] जाल सराजि परे,
मनु जाल परे[2] कति पच्छि मरे ॥१३८॥
जगको बुस[3] अंधिय मांझ उडैं,
जिमि बान अमान सुप्पाप्ति जमी ॥
दुहुँ सूर लरैं रन सूरं लखैं,
दुहुँ सूर ढके दुख देह दमी ॥
हलकारनकी हलकारनसौं,
भल[6] कारन पैं किन गैन फुट्यौ ॥
वलकारनकी ललकारनतैं,
छलकारनकौ सब छोह छुट्यौ ॥ १३९॥
रनप्रीति रुपे जिय प्रीति कुपे,
धवं कांन छुपे भैंव भीति भगी ॥
तियैं भौन अगौन ति गौन किये,

---

(१)विमानों का समूह(२)मानों फंदे में पड़े हुए मरे हुए कितने ही पंखेरू ॥१३८॥ (३) भूला(४)सूर्य को देखते हैं और अर्जुन शत्रु भाव से ढकता है और कर्ण स्नेह से "घाव न लगजाय" इस भय से ढकता है (५)जली(६) अच्छा हेतु (७) आकाश (८) कपटियों का (९) क्रोध ॥ १३९ ॥(१०)स्वामि की मर्यादा (११) संसार का भय चलागया (१२) जिनके स्त्री और घर प्रधान थे उन्होंने

पति नौंनहिमैं[1] निजप्रीति पगी[2] ॥
असमान जमी विच बान अरे,
पवमान[3] प्रयान न ठानसकैं ॥
परप्रान[4] प्रयान पिछानन आवन,
प्रान गयैं गिरबान[5] बकैं ॥ १४० ॥
भटवार[6] किते नँटवार[7] करैं,
कटवार[8]नके कटि[9] वार परैं ॥
मृध[10] आमिष[11]मत्तिय श्रोनसं[12]कत्तिय,
कातर छत्तिय फार करैं ॥
कति सेलन झेल रु पार करैं,
कति पेल अरातिन पीर करैं ॥
कति वीर लगे उर तीर कढे,
तनु चीरैं[13] ति नीरहिनीरैं[14] करैं ॥ १४१ ॥
कति बालपनैं तजि ख्याल लही,

गौण किये (१) मालिक के लूणसें ही (२) पकगई (३) वायुकी गति [४] दूसरों के प्राण निकलने को पिछानने के लिये है आना जिनका ऐसे देवता [५] देवता "हमारे प्राण गये" ऐसे बकने हैं ॥ १४० ॥ [६] योद्धाओं का समूह [७] नटों के जैसे प्रहार [८] कुंभस्थलवाले [६] हाथियों का समूह (१०) युद्ध [११] मांस से पुष्ट [१२] भाल वरछी [१३] फाड़ [टुकड़ा] [१४] जलही जल ॥ १४१ ॥

रनचाल सुढालन रोक लरैं ॥
सुरतीयन तीरन सोक हरैं,
कति तीय सती पतिसोक करैं ॥
कति देहन गेहन नेह करैं,
सरमेईन वेहनं हेर हटैं ॥
करि जेर अरीन उखेरलये,
कर गेरदये कर घेर कटैं ॥ १४२ ॥
कति बाजिय बाजियमैं बिरमैं,
सर राजिय आजियमैं सहिकैं ॥
कति आजिय काजिय राजिय ठहैं,
गजराजिय राजियकौं गहिकैं ॥
कति दंत उखारि प्रहार करैं,
कति सेलन वारन टार करैं ॥
कति धारि धरीक विचार करैं,
कति डारि परैं ललकार करैं ॥१४३॥
दुव सुंडियकौं गहि घुंडियं दैं,

---

(१) अप्सराओं के [२] पतिव्रता पति के साथ जलने-वाली) (३) घरोंसे स्नेह (४) बाणों की वर्षा (५) छिद्र (६) दबाकर ॥ १४२ ॥ (७) घोड़ों की गति विशेष में लीन होरहे हैं (८) युद्ध में(९)प्रसन्न होकर(१०)हथनियों की पंक्ति ॥ १४३ ॥ ११ गांठ देकर.

हसि झूलत हौंस हिंडोरनकी ॥
रवि[1] ओर कहें नहि तोर जथा,
गहि जोरि उछारत घोरनकी ॥
कति स्यंदन[2] चक्र उठाय कहैं,
लख भास्कर[3] रावर एकहि हैं ॥
गहि बाजिय[4] सीस उडै कहिकैं,
इक देहु हमैं तुव केक हिहैं ॥१४४॥
तननाहट बजि तबल्लनके,
थननाहट बायन[6] हत्थ परैं ॥
गननाहट अच्छरि गैंन जुरैं,
झननाहट जेहर ज्यौंहि करैं ॥
भननाहट भूरिय भेरि भये,
घननाहट नोबत घ्रात घने ॥
खननाहट वज्जिय खग्गनके,
धननाहट खोपरि कट्टि भने ॥ १४५॥

---

(१)सूर्य की तरफ (२)रथका पहिया(३)हे सूर्य तू देख(४) घोड़े का मस्तक ॥ १४४॥ (५)स्याही लगाया हुआ वाद्य विशेष (६)गीला आटा लगाया हुआ (७) आकाश में मिलते हैं (८) आभूषण (९) बहुत (१०) नगारों के(११) समूह ॥ १४५ ॥

हननाहट भो घनघोरनकौ,
ठननाहट कातर[2] बच्छ ठयौ ॥
छननाहट श्रोनन[3] बान छुवैं,
फननाहट टोपन भूरि भयौ ॥
कटि लुंत्थनपैं[4] कति लुत्थ परी,
वर बुत्थन बुंत्थन[5] ब्रात बढे ॥
अनयास[6] चढैं गिरि[7] व्यूढनपैं,
हर्य[8] व्यूढनव्यूढ प्रयास[9] चढे ॥ १४६ ॥
भुवं[10] चाक भ्रमैं तिहिं भांति भ्रमैं,
करि[11] भाजन कोल[12] कुलाल भयो ॥
हयलौं[13] हय व्हाँ नरलौं[14] नर व्हाँ,
भल कोपं[15] सु इंधन भाय भयो ॥
दुहूँ वीर धनंजय[16] धीर धनंजय[17],

(१)बहुत से घोड़ों का (२)कायरों की छाती(३)रुधिर से (४) मस्तक रहित शरीर (५) मस्तक सहित शरीरों का समूह (६) विना परिश्रम से (७) बड़े पहाड़ पर(८) जो घोड़े बड़े नहीं हैं उन पर (९) बड़े परिश्रम से॥ १४६ ॥ (१०) पृथिवी में(११)हाथी रूप पात्र (१२) यमराज रूप कुम्हार(१३)घोड़े जैसे घोड़े(१४)मनुष्य जैसे मनुष्य (१५) अच्छा क्रोध रूप जलाने लायक लकड़ी(१६)दोनों वीर (कर्ण और अर्जुन) धनको जीतनेवाले. पहिलेने दुर्योधनके पक्षमें, दूसरे ने पाण्डवोंके पक्ष में(१७)दोनों धीर

धूमधनंजय रूप धर्यौ ॥
जदुवीर विचार बयार जहाँ,
वह आहवरूप अवाह कर्यौ ॥ १४७ ॥
हय सैल्य उडावन कर्न सुआवन,
सावन मेघविभा सरस्यौ ॥
धनु रूप धर्यौ तित इंद्रधनू,
वर बानन बूंदनलौं बरस्यौ ॥
अतिरोहित रोहित खग्ग अवंक सु,
रोहितकी रुचि राजरह्यौ ॥
घन पाज अरीगन लाज गई,
घनगाज सुयोधन गाज रह्यौ ॥ १४८ ॥

पुरुषों में धनंजय नामक शरीर के वायु समान हैं वह धनंजय वायु तो मृत शरीर को नहीं छोड़ता परन्तु ये जीते हुए भी धीर पुरुषों को नहीं छोड़ते॥ (१) धूम सहित अग्नि समान दोनों हैं. क्योंकि धूमसे व्याकुल करके अन्यको अग्नि जलाती है ऐसे ही ये दोनों घपराहट से अन्धे करके अन्य शत्रुओ मारते हैं (२) श्रीकृष्ण का विचार रूप पवन (३) युद्ध रूप कुम्हार का अवाह [वर्त्तन पकाने की जगह] ॥ १४७ ॥ (४) शल्य के घोड़े (५) श्रावण महीने की वर्षा की शोभा (६) इन्द्र का धनुष (७) नहीं छिपा हुआ (८) लाल तलवार (९) सीधा (१०) सीधे इन्द्र धनुषकी (११) बद्दलोंकी गाजके जैसे ॥१४८॥

वढि वात[1] कही नहिं जात कथा,
हित गात[2] सु धीरज भाजगयौ ॥
जल खग्ग अथग्ग रनार्नव[3] पोतँ[4],
सु कर्न सुजोधन काग भयौ ॥
वल वारनके[5] कति पार गये,
जयकार किते भय पार करैं ॥
अपमान[6] सिला सिर आन परी,
कवि जान कहैं सु पिछान परैं ॥१४९॥
वरवीरनकी वरधीरनकी,
वरतीरनकी छवि हीय धरैं ॥
तजि छद्म[7] कहैं कवि पद्म यथा मति,
सेस महेस सुकीर्ति करैं ॥
चहुँओरन घोर अँधार मच्यौ,
चल वान मनों जिंगनू[8] चमकैं ॥
भट कर्न अथर्वन[9] वर्ननसौं,

---

(१) वायु (२) शरीरों से (३) युद्ध रूप समुद्र (४) जहाज (५) हाथी के वलस (६) द्रौपदी का सभा में तिरस्कार रूप शिला ॥ १४९ ॥ (७) कपट को (८) आगिया [खद्योत] (९) अथर्ववेद के अक्षरों से

नेरवर्म दये सर के जमकैं ॥ १५० ॥

॥ छप्पय ॥

इंद हुकम सकुटुंब रहिव तत्तक खांडव जव ॥
गयवें वहैं कुरुत्तेत्र पत्थ खांडिव जारिय तब ॥
अस्वसेन तिं हिं पुत्र उडिग जर्ननी गहि वाकौं॥
मरिलागि सर जिहिंमात तचियं क्रोधानल ताकौं
सुन अत्त कर्न अर्जुन समर आपउ जर्ननी वय रहित ॥
वर सर तनु धर तूनीरंविच पैठिय कर्न सु पिट्ठि थित ॥ १५१ ॥

॥ दोहा ॥

परसुरामसर सर्पमुख, दीन करन तिहिं तान ॥
यह अंहि योगाभ्यास बल, तितधसलघुतनुमान
सरको मुख बांको भयो, सल्ल निहारिय ताहि ॥
कह्यौ करनकौं चिंतकर, संरलकरहुतूंयाहि१५३
सर उतार मुख लखि सजहु, कहिय कर्नकौं सूंत[12]

(१) अर्जुन के कवच पर ॥१५०॥(२) गया था (३) तक्षक का लड़का (४) माता (५) तपाया (६) क्रोध रूप अग्नि ने (७) युद्ध में (८) माता का वर लेने के लिये (९) भाते के बीचमें घुसगया ॥ १५१ ॥ (१०) सर्प अश्वसेन नामक ॥ १५२ ॥ (११) सीधा कर॥ १५३ ॥ (१२)सारथि [शल्य]

॥ कर्णवचन ॥

परबल लौं है बेर इक, सर न सजैं रविपूत।१५४।

॥ छप्पय ॥

करन खबर विनु तजिय बान हुव भुव हाहारव
अहि कहि पत्थहि कोरि जतन कर मरनहि
आयव ॥
हरि दब्बिय रथ हरिन मुकुट हनिबान सिधायव
पत्थ स्वेत उष्णीस सजिव अहिसर फिर आयव
आजलौं उलटि आयव न सर क्यौं आयव इ-
हिं कहि करन ॥
कहि अस्वसेन तव मम अरिहिं मारन इहिं
आयव मरन ॥ १५५ ॥

सर्व पूर्ववृत्तांत कर्नकों सर्प सुनाइय,
कर्न कहिय नहिं सजहुँ प्रतिज्ञा जग मम छाइय

॥ सर्पवचन ॥

सब सुर होहिं सहाय वचहिं नहिं पत्थ सजहु मुहि

(१) सूर्य का पुत्र (कर्ण) ॥ १५४ ॥ (२) पृथिवी में हाहाकार हुआ(३)सर्प ने(४)चाहे करोड़ों यत्न कर (५) श्रीकृष्णने (६) घोड़ोंको (७) अर्जुन के मुकुट को हरण कर (८) सुफेद मुकुट या पगड़ी (९) सर्प रूप वाण ॥ १५५ ॥(१०)मैं नहीं चलाऊंगा(११ अगर सब देवता

॥ कर्णवचन ॥

मैं मम हत्थन हनहुँ पत्थकौं सजहुँ नहिन तुहि॥
सुनि अस्वसेन सर बनि चल्लिय हरि कहि नर
यह सर नहिन ॥
सर रूप धरैंहैं सर्प तिंहिं छस्सर छेद्यो ताहि
छिन ॥ १५६ ॥

॥ छंददुर्मिला ॥

सज कर्न गुमानिय मंत्र न मानिय,
बानहिं ठानिय ज्हां गुनपै ॥
धुकि देवनधानिय मेरु बखानिय,
भूँ खिसलानि फनी फनपै ॥
करतैं सर चल्लिय कातर चल्लिय,
मानहुँ कैंवच पैर परी ॥
मन कैं सरसो सर लैं करसौं,
नर सिंजिनिपैं धरि छत्ति भरी ॥ १५७ ॥

भी मददगार हो जावेंगे (१) उस अश्वसेनको छः बाणों से काट डाला ॥ १५६ ॥ [२] अभिमानी [३] अश्वसेन की दी हुई सलाह [४] प्रत्यंचा पर [५] झुकगई (६) देवताओं की राजधानी [७] पृथिवी [८] शेष के फण पर [९] प्रत्यञ्चा पर ॥ १५७ ॥

किय दाव उपाव बचावनकौं,
न चले सब पंगुलपैरन ज्यौं ॥
गुनहीन भयो धनु अर्जुनकौ,
गति यौं गुनहीन गुनीगन ज्यौं ॥
फिरकैं गुन सज्जिय झूट अरज्जिय,
आय गरज्जिय लैं गुनही ॥
सर पारथ जावत औ फिर आवत,
हैं उपमा यह चित्त चही ॥ १५८ ॥
नरकौं कहि मारहु कर्नहिं टारहु ,
यौं कहिकैं फिर आवतहैं ॥
कहि चोरहिं तूं धस जाग धनी,
उनकौं मनु रीति सिखावतहैं ॥
तनु जुग्म जवान समान पिछानहु,
पीर अमान समान तितैं ॥
मदपाँन कियैं जिय मत्त भये,
रिपु प्रान हरे सु पिछान कितैं ॥ १५९॥

---

(१)लंगड़ेके पैर जैसे(२)गुणवानोंका समूह. यहां "रन-ज्यौं गनज्यौं" अन्त्यानुप्रास जानना(३)गर्जवाला॥१५८॥
(४)हे स्वामी वा धनवान्(५)दोनों(६)प्रमाण रहित(७)मदिरा पीये हुए मनुष्यों के जैसे(८)शत्रुओं के प्राण आप हरते हैं वा शत्रु अपने प्राणों को खोते हैं ॥ १५९ ॥

सब ठौरहिँ व्यापक[1] हैं हरि[2] त्यौं,
सबही तनु[3] व्यापक तीर सहैं ॥
नित चेतन[4] चेत न कर्न रखैं,
सुखरूप महादुख रूप चहैं ॥
जगके जड[5] जीव महादुख छीव[6] ति,
चेतन व्हैं जि[7]हिँ बांह धरी ॥
किय ताहि[8] अचेतन दैं तनुमैं,
घन बानन कर्न संधान[9] करी ॥ १६० ॥
हसिकैं सर लैं नर सिं[10] जिनिपै,
धरि टक्कर कर्न किरीट[11] हर्यौ ॥
पटु बान अमान दये धनु तानि,
जु हो धनु पानि[12] सु छूट पर्यौ ॥
जिहिँ रीति भजैं सुहि रीति सजैं,
किय जीति अचेतन कर्न भयो ॥
नर बान सँधान पिछान[13] तज्यौ,

---

(१)सब जगह रहनेवाला(२)परमेश्वर(३)शरीर (४)सदा ज्ञानवाला(५)चेतन रहित(६)बडे दुःखसे मतवाले (७) जिस श्रीकृष्ण ने हाथ पकड़ाउसं(८) सचेतन को भी [९] स्थापाप ॥ १६० ॥(१०)प्रत्यञ्चा पर(११)मुकुट (१२) हाथ से(१३)मूर्छित जानकर

कहि कान्ह लयो कित धर्म नयो॥१६१॥
सुनि तानि दये सर भानुजकौ,
उर फोरि धसे धर लीन भये ॥
सुधकैं भट कर्न लग्यो सर भर्न,
सु पत्थ हरी रथ छाय लये ॥
ब्रह्मास्त्र विथारिय पत्थ सँभारिय,
वासवं अस्त्र प्रयोग ककैं ॥
कुपि कर्न प्रहारिय सस्त्र रु अस्त्र,
अपार सिखावनहार छकैं ॥ १६२ ॥
सुरबानि भई रथचक्रँ गिलैं,
महि विप्र कही वह वेर बनी ॥
द्विजरामहु शाप दयौ वहहू,
विधिं आन बनी हुव सेल अनी ॥
गति कर्मनकी धँन धुजिय स्पंदन,

॥ १६१ ॥ (१) कर्ण की छाती (२) पृथिवी में छिपगये (३) चलाया (४) इन्द्रके अस्त्र का प्रयोग करके (५) जिस से सिखानेवाले (परशुरामजी) प्रसन्न होजावैं ॥ १६२ ॥ (१) देवताओं की वाणी हुई (७) रथके पहिये (८) पृथिवी (९) रीति (१०) बहुत (११) रथ.

भू तिहिं बाम सु चक्र गिल्यौ ॥
कहि रोष उदास तजी जिय आस,
सुपास लियैं मैम काल मिल्यौ॥१६३॥

॥ सल्यवचन ॥

सुन कर्न सुवर्नगिरी वनिकैं,
कित रोइ प्रभाहतपर्न बनैं ॥

॥ कर्णवचन ॥

सुन सल्य कही ठिक पै मम आसय,
की सुन तो मन सर्म सनैं ॥
अरिसौं लरनौं रनमैं मरनौं,
इँहिं कारन छत्रिन देह धरी ॥
पर हाय बुरी हुव याहि घरी,
सगरी दुरजोधनकी बिगरी ॥ १६४ ॥

॥ दोहा ॥

ठहै अवक्र भाखी करन, ईखिं सक्रसुत ओर ॥

---

(१) पृथिवी ने उस रथ के बाएं पहिये को निगला (२) मेरी मृत्यु आगई ॥ १६३ ॥ (३) सुमेरु पर्वत (४) नष्ट हुई है कान्ति जिसकी ऐसा पत्ता हो जाय (५) परन्तु मेरा अभिप्राय (६) सुख से भीगजावैं (७) इस हेतु से (८) क्षत्रियों ने शरीर धारण किया ॥ १६४ ॥ (९) सीधा (१०) देखकर (११) अर्जुन की तरफ

जबलौं हेरौं चक्रकौं, वंक न ह्वै कुल मोर॥१६५॥

॥ छप्पय ॥

खुल्ले केस भगि जाय विप्र हौं कहि जोरैं कर,
धरैं सस्त्र अरु टूट जाय कैं लेत सरनैं वर॥
सर न रहैं फिर विरथ होय मूर्छित ह्वै जावत,
महासूर धर्मज्ञ श्रेष्ठ तिहिं सर न चलावत॥
पत्थ तव बीच सब गुन परे या विरुदहि उर आनिये॥
तव डर न तृनहु हरि डर न तृन मोहि करन वह मानिये॥१६६॥
चक्र गिल्यौ तव कर्न धर्मकी निंदा कीनिय,
दिय सर्वस्वहि दान आज इत खबर न लीनिय
कृष्णा कहिय सबहि बंध करन अधमही कीनौं
दुरजोधन तव मंत्र मानि पंडुन दुख दीनौं॥
दिय भीमहिं विख जतुगेह बिच विनु ठिक जारनकी करिय,

---

(१) देखो॥१६५॥ (२) "मैं ब्राह्मण हूं" ऐसा कहकर हाथ जोड़े (३) उत्तम शरण्य (४) तुरति ॥ १६६ ॥ (५) पहिया (६) जय वन (७) अवस्था में (८) जहर (९) लाख के घरमें

अकुसल[1]हो भूपति द्यू[2]तमैं तिहिं खिलाय संपति
हरिय ॥ १६७ ॥

॥ कर्णवचन ॥

॥ छंद मनहर ॥

तैंनैं दि[3]व्यनारी बर[4]बसनविहीन कीनी,
मैंहौं दि[5]व्यनारिनके बसन[6]बरनिकौं ॥
तैंनैं[7] पयपाँन कीनौं ताको पुनि प्रान लीनौं,
मैंहौं पयपान[8] कीनौं ताहि[9]त भरनिकौं ॥
ससकत सेस[10] सिटि कसकत कंपि किटि[11],
चसकत यान[12] लख धसकि धरनिकौं॥
तेरो अवतार भुव[13]भारकौं हरन कान्ह[14],
मेरो अवतार भुव[15]भारसौं भरनिकौं ॥१६८॥

॥ छप्पय ॥

---

(१) होशियार नहीं था (युधिष्ठिर) (२) जुआ खेलने में ॥ १६७ ॥ (३) गोपिकाओं के (४) अच्छे कपड़े चोरे (५) अप्सराओं के (६) कपड़ा और पति के लिये हूं (७) जिस (पूतनाका) दूध पिया (८) लूण पानी ग्रहण किया (९) उस (दुर्योधन) के लिये (१०) शेष नाग दबकर सिसकता है (११) सूअर घुजकर जमीनके नीचे से निकलना चाहता है (१२) रथ (१३) जमीनका बोझ उतारनेके लिये है (१४) हे श्रीकृष्ण (१५) जमीन में भार भरनेकेलिये है ॥ १६८ ॥

भुजगं[1] न मो भुज भीरु[2] गोपिछद[3] न उरच्छद[4] यह
आज्यं[5] न आजिय[6] आज गैंद नहि गयँद[7] घटा गह
धेनुछन[8] चारन नहिन वछछ फारन[9] विधि बजिय,
वेनुवाद्य[10] नहि विदित छांह वेनुक[11] छिति छज्जिय
तिय कुच[12] न कठिन तित परिय कर[13] हठ कर
कचपर[14] डारिहौं ॥
राधिकापदन[15] पर परिरहिय वह सिर सरन उ-
छारिहौं ॥ १६९ ॥

---

[१] कालिय नामक सर्प नहीं है किन्तु मेरी भुजा है. यहां भ्रान्तापन्हुति अलङ्कार है. एवं इस छन्द में सर्वत्र जानना. "भुज" को "भुजग" समझनेवाले [२] हे डरपोक यहां 'भीरु' शब्दके संबोधन से तीसरे गकार अक्षर पर बुद्धि नहीं गई किन्तु दो अक्षर भकार जकार पर ही रही. एवं सब जगह छन्द में जानना (३) गोपिओं का वस्त्र नहीं (४) किन्तु कवच है (५) घी (माखन) नहीं (६) किन्तु युद्ध है (७) किन्तु हाथियों की पंक्ति है (८) गायों के बछड़ों का चराना नहीं (९) किन्तु छाती फाड़ना है (१०) बांसुरी का बजाना नहीं (११) किन्तु भालों की छाया से पृथिवी का ढांकना है. मालवदेश में भाले को "बांस" कहते हैं (१२) स्त्रियों के कठिन स्तन नहीं हैं (१३) मेरे कठिन हाथ (१४) तेरे केशों पर पटकूंगा (१५) जो तेरा सिर राधिका के चरणों में पड़ा था ॥ १६९ ॥

॥ छंद मनहर ॥

विप्रनकौं[1] दीह्ने दान विप्रनके कीह्ने मान[2],
स्वामिधर्महीन न्यूनप्रानतैं पिछानी नां ॥
दीननकी[3] दीनताकौं चीन्ह चित्त खीन कीनौं,
कीनो सुख पीनं[4] ठिक चान धृति ठानी नां॥
कान्ह इत कान दै अपानता[5] न आन अब,
सर्व सुभ ठानी तीन वृत्ति[6] मन मानी नां ॥
ज्येष्ठभ्रात[7] व्याही त्यों कनिष्ठभ्रात[8] व्याही त्यौंही
जादोकुलजाही विनुव्याही[9] तियजानी नां१७०

॥ कृष्णवचन ॥

भास्कर[10] करन बल ऐंचत सरन जल,
खलभल होत जग ग्रीष्मके[11] सु गाने हैं ॥
[12] कालहू कराल चाल मारैं विनु काल[13] वाल;
जअही पधारैं हाहाकार जूके आने हैं ॥

(१)ब्राह्मणों को (२) सत्कार (३) गरीबों को (४) पुष्ट (५) मूर्खपना (६) व्यापार (७) बड़ेभाई (८) छोटे भाई (९)विना परणी हुई को स्त्री न जानी (जैसे तुम्हारे मित्र अर्जुनने सुभद्रा को जाना) ॥ १७० ॥ (१०)सूर्य किरणों के बल से तालावों के पानी को खैंचता है (११) गरमी के (१२) यमराज भी भयंकर गमन वाला है (१३) विना समय में

मंद[1] महाराज पितु[2] काजहू गहन[3] ठानैं,
कविन न मानैं मानैं महिषके[4] माने हैं ॥
कस्यपको पुत्र दोनों पौत्र[5] तीनौं तीन काने,
तीन दाने[6] कहों तो कहों क तीन दाने[7] हैं१७१

॥ छप्पय ॥

कान्ह कहिय सुन करन स्यारको मरन जु आवैं
चिंत करि चारु विचार धीर वनि नग्रहिं धावैं ॥
वह गति लेरिय आज गाजि इहिंछिन रन आइय
काहत अंकृतके[10] काज कुंवच[11] मन धरि कुटि-
लाइय ॥
वर रावर गुन सब जग विदित[12] जानत सुर[13] नर
नाग जिम ॥

---

(१) शनैश्चर (२) पिता (सूर्य) के ही (३) ग्रहण (राहुकी पीड़ा) (४) भैंसेका सत्कार (यम और शनि का वाहन होने से) (५) पोते (यम और शनि) (६) यदि इन को तीन दाने कहदूं, क्योंकि कहीं कहीं तीन कानों (जो चौपड़के खेल में प्रसिद्ध है) को तीन दाने भी कहते हैं (७) तो तीनों बड़े आदमी हो जावैं "दाने" शब्द के श्लेष से ॥ १७१ ॥ (८) मनमें (९) सुन्दर (१०) कुकर्म (११) कटु वचन (१२) प्रसिद्ध (१३) देवता

नित निकट रहत पटु संग लिय कहहु पत्थ
जानैं न किम ॥१७२॥

॥ कवित्त ॥

लाक्षा गृह कीनौ थितपाण्डव जराय दीनौ,
चीनौ उपदेस चले अब न चलैंहीगे ॥
द्रौपद रु द्रौपदीके पुत्र द्रौपदीके पति,
दलके दलैये दीह दुर्हद दलैंहीगे ॥
छलिनके छैल पत्थपुत्र छैल मार्यौ छलि,
पत्थ रनछैल हम तुहि न छलैंहीगे ॥
मोरि मूढमोरहिं चंडालचोकरीके मोर,
थोर न अकृत कानैं फोरन फलैंहीगे ॥१७३॥

॥ छप्पय ॥

पांडव वनकौं चले कहिय तैं सीघ्र पधारहु,
वन रु नरक सम द्रोपदि ह्यां रहि परपतिधारहु
वन वसि आये पांडु राजतैं दैन न दीनौं ॥
महारथी खट मिलि रु पत्थसुतको जिय लीनौं।

(१) समीप ॥ १७२ ॥ (२) लाखका घर (३) बड़े शत्रुओं को (४) अभिमन्यु (५) धोखा देकर (६) मूर्खों में मुकुट जैसे (दुर्योधन) को मोड़ कर ॥ १७३ ॥ (७) जल्दी (८) बराबर (९) दूसरे पति को अंगीकार करै (१०) अभिमन्यु का जीव लिया

अबलौं[1] तुम जीवत सुकृत बस आय पहूँचे अब कुकृत[2] ॥
कालं[3] सिर भ्रमत हुअ मरन तुव धर्महिं निंदत भ्रष्टहित ॥ १७४ ॥

दोहा ॥

नग्न[5] घसीटी द्रौपदिहिं, हनि अभिमन्यु अचेतु ॥
उभय[6] बताये पत्थ स्मृति[7], करि दिय हरि[8] तिहिं हेतु ॥

॥ सप्तमयाम सूची ॥

॥ छप्पय ॥

शकुनि भीमरनसजिय भीम अरुकरनकजहं हुव
अर्जुन करन सु अरन भीमनर मन्त्र[9] मिलन[10] दुव
भीम दुशासन भिरन तांहि[11] हनि भीमनचि[12]गीतित
समरं[13] नकुल वृषसेन[14] भीम वृषसेन अरन[15] चित॥

(१)पुण्य के बश से(२)पाप(३) मृत्यु (४) भाग्य से नष्ट हुई है बुद्धि जिसकी॥१७४॥(५)वस्त्र रहित (नंगी) (६) दोनों (७) यादगीरी करादी (८) श्रीकृष्णने ॥ १७५ ॥
(९) युद्ध(१०)पीड़ित युधिष्ठिर से मिलकर अर्जुन का उस विषम वेला में भीम के साथ भावी युद्ध की सलाह करना। यहां सलाह लेनेवाला बड़ा भारी उपदेश है (११)दुःशासन को(१२)उसी जगह छाती से रुधिर पीकर दुर्योधनादिकों का तिरस्कार करके भीम का अद्भुत नांचना(१३)युद्ध[१४]कर्ण के पुत्रका नाम [१५] सचे

वृषसेन रु वासवि रनविषम करन रु अर्जुन
कलह किय ॥
सुचिंद्रोनि नृपहिं सुसलाहदिय करन रु औहि
बातें करिय ॥१७६॥

॥ दोहा ॥

विप्रलाप हरि करनको, बरन्यो जुत विस्तार ॥
प्रहर सप्तमी पद्मकवि, संचिय आहवसार॥१७७॥

इतिश्रीमच्चंडीचरणारविन्दचित्तचंचरीकचार-
णावासाभिधेयचारुसंवसथवास्तव्यचारणचक्रच-
क्रवाकचंडांशुजाज्वल्यमानकाव्याज्ञत्वज्वाला—

दिल से अड़ना (१) अर्जुन (२) दुःसह (३) पवित्र अ-
श्वत्थामा. यद्यपि यह अतिक्रोधी था तथापि उस समय
देश काल को समझकर क्रोधको रोककर सुयोधन को
सन्धि रूप अच्छी सलाह दी (४) अपनी माताका
वैर लेने के लिये आये हुए अश्वसेन नामक सर्प और
कर्णका प्रश्नोत्तर।१७६। [५]श्रीकृष्ण और कर्ण के परस्पर
कटु वचनों से प्रश्नोत्तर(६)महाभारत की अपेक्षा स्वल्प
अक्षरों से युद्ध का सार वर्णन किया ॥ १७७ ॥

इति श्रीमती चंडी के चरणारविंद में है चित्त रूप
भ्रमर जिसका, चारणवास नामक सुन्दर ग्राम का नि-
वासी, चारण समूह रूप चकवों के लिये सूर्य रूप, जा-
ज्वल्यमान काव्यकी अज्ञता रूप ज्वलाओं से जलते

ज्वलज्जगज्जीवजुष्टजयजीवनवलूंदाख्यग्रामठक्कुर जीवनसिंहप्रतोलीपात्रवंशभास्करप्रबन्धप्रणेतृ-मिश्रणकुलोद्भूतश्रीसूर्यमल्लशिष्यपातावतशाखा प्ररूढजगरामात्मजपद्मसिंहप्रभाषितकर्णपर्ववि-भाविभूषितवीरविनोदे सप्तमयामसंपूर्णम् ॥७॥

हुए जीवों करके सेवित, विजय के जीवन रूप बलूंदा नामक ग्रामके ठाकुर जीवनसिंह का पोलपात, वंश-भास्कर ग्रंथ के रचयिता मिश्रण कुल में प्रकट हुए श्री सूर्यमल्लका शिष्य, पातावत शाखावाले जगराम का पुत्र श्री पद्मसिंह उस से रचे हुए कर्ण पर्वकी शोभा करके विभूषित वीरविनोद में सप्तम याम का युद्ध स-म्पूर्ण हुआ ॥ ७ ॥

॥ इति सप्तमयाम सम्पूर्ण ॥

॥ अथ अष्टमयामप्रारम्भः ॥

॥ दोहा ॥

कलह[1] अष्टमी[2]जामको, कलही करिहैं क्रूर ॥
आठि आठि इक्खहिं अष्टग्रह[3], देखहिं दुरि[4] रविदूर[5]१
जाम अष्टमीकौ कलह, कविहीके दुखगेह ॥
रुधिर[6]मेह फीकौ रुचिर[7], नीकौ अंसुन मेह ॥२॥

॥ छंदवैताल ॥

हरिबैन[8] सुनतहि पत्थहिय, अचैन हुव इहिंचाल
दृग[9] श्रुति रु नासारंध्रतैं, कढि क्रोधज्वाल कराल
उतर्यो स्वं[10]चक्र निकारवैं, रविपुत्र[11] नर रिसहेरि
ब्रह्मास्त्र प्रेरिय कर्ननैं, ब्रह्मास्त्रकौं दिय प्रेरि॥३॥
दुहुंअस्त्र भिरि चढि गैनमैं, सर बरखि जरहुव सांत
पुनि पत्थ पावक[12] अस्त्र प्रेरिय, भटजरैंजिहिंभांत
साजिकर्नवारुनअस्त्रसौं, सिखि[13]अस्त्रलीन्हसँभार
घन[14]मेघ तम दिन घोरह्वनि, नरवायुअस्त्र बिहार[15]४

---

(१) युद्ध (२) आठवीं (३) आठों ग्रह सूर्य रहित चन्द्रादिक (४) छिपकर (५) सूर्य ॥ १ ॥ (६) लोहूकी बारिस (७) सुन्दर ॥ २ ॥ (८) श्रीकृष्ण के वचन (९) नेत्र, कांन और नाकके छिद्रों से (१०) अपने रथका पहिया (११) कर्ण ॥ ३ ॥ (१२) अग्नि के अस्त्रको फैंका, (१३) अग्नि अस्त्र (१४) बहुत बद्दलों से अन्धकार (१५) चलाने से

कुपि कर्न श्रोनितवर्न[1] ह्वैं, सरलीन्हकर[2] जुतज्वाल
धरं[3] धूजि हाहाकार हुव, उलका परे तिहिंकाल
सरडरि युधिष्ठिर सँमर[4] तजि, भजिगयउडेरनवीच
सर कर्न नर उर फोरि पिठ्ठिहिँ, फोरि किय ध-
र कीच ॥ ५ ॥
ध्वजदंड[5] स्थित सिरपत्थमूर्छित, परिग धनु जि-
हजानि ॥
तित करन लरन अजोग जानिय, बान तजि
धनुपानि[6] ॥
रथचक्र[7] ऐंचिय सेससंजुत[8], भूमि डिगिग कुघात
पर वंक[9]वेला[10] का परी, रथचक्र वाहिर न आत ॥६॥
लघुवंक[11]सौं वडवत्तकहनी, जोग नहि यह जानि
श्री[12]व्यासनैं कहदीन मैं, लिखदीन्ह रोचक वानि

॥ कर्णवचन ॥

---

(१) लाल रंगवाला होकर (२) हाथमें (३) पृथिवी (४) युद्ध को ॥ ५ ॥ (५) ध्वजादण्ड के पास स्थित है शिर जिसका ऐसा (अर्जुन) (६) हाथ से धनुष को छोड़कर (७) रथका पहिया खैंचा (८) शेष सहित पृथिवी कम्पित हुई (९) खोटे पेचसे (१०) बुरा वक्त ॥ ६ ॥ (११) छोटे मुँह से (१२) श्रीवेदव्यासजी ने

वडभ्रात तात[1] पितृव्य[2] मातुल[3], गुरु गिनिय इ-
करीति ॥

इनतीय औ ममभात बिच, अनु भेद[4]गन न अनीति[5]
लघुभ्रात[6] पुत्र रु सिष्य सम, इनतीय पुत्रिपिछानि
निजमित्ततैंनहिचित्तटारिय, जियविपत्ति[7]हिंजानि
मम आसकरि ममपास आइ, निरासगौ नर[8]कौन
कहि दान दैहौं कान दैं, नहि आन वहवह हौं न८
निजतीय[9]कौं तजि जीयमौ, परतीय सेवन गौ न
ऐंच्यौ न आवैं चंक[10] बाहिर, पाप पहुँच्यौ कौन
अवधूत[11]ज्यौं उत हूल[12]धर्महि, द्यूतसौं लियजीति,
तिहिं मंत्र[13]मैं परतंत्र[14]ह्वैं, दियमंत्र कौन अनीति९
पुनि द्रोपदिहिं तिहिं[15]धां करी, जतुगेह[16] पंडुनजारि
अभिमन्यु हो छल[17]हीन वह, छलकीन्ह मिलि
षट मारि ॥

---

(१)पिता(२)चचा(३)मामा(४)फर्क(५)अन्याय ॥ ६ ॥ (७) छोटा भाई (७) दुःखमें पड़े हुए मित्र को अपने जीमें जानकर (८) मनुष्य ॥ ८ ॥ (९) अपनी स्त्री को(१०) पहिरा (११) अलमस्त के जैसे (१२) बुलाये हुए युधिष्ठिरको (१३) सलाह में (१४) पराधीन होकर ॥ ९ ॥ (१५) वैसी सभा में वस्त्र रहित(१६)लाख का घर (१७) कपट रहित

सितसेसनैं सितकीर्त्तिकौं सुनि रुष्टह्वै गहि चक्र
अब धर्मधर्म जिहाजकेहुव उदित कर्मअवक्र१०
बहुचारु कीन्ह बिचार मैं जगबीच है सबसार,
पर गोरसौं इहिठौर मोमन और उठिग बिचार
बिनमान ह्वौ गिरिमान गुनिमुहिबकताहिअबक्र
रहि सेस ऋन तिहिं स्वामिकौ रिपुबेस गहि
तिहिं चक्र ॥११॥
यौं चित्तबीच अनेक कीन्ह विकल्प धूनिपसीस
भिरवेरइहिं हरिनरहिंकहि इहिं गेर पुनि कुरुईस
फिर चेत हुव नरध्यानहरि धरिपढिअथर्वनमंत्र,
कहिबहुतगुरुकिय तुष्टमैंजपतपहिंसजियतंत्र१२
परतीयमैं मम जीय गो नहि तौ रिपुहिं संघार,
कहि पत्थ सर न तज्यौ बै ठहै हैं कुजस हाहा
कार ॥

(१) सफेद वर्णवाले शेषने (२) श्वेत यशाको (३) अथ युधिष्टिर के सीधे कर्म उदय हुए ॥ १० ॥ (४) बहुत से सुन्दर (५) सत्कार रहित (६) पर्वत के जैसे प्रमाण वाला (७) कर्जा बाकी रहा [८] शत्रुका स्वरूप धारण करके (९) उस (ऋण) ने रथका पहिया पकड़ा॥११॥ (१०) संदेह पुर्वक विचार (११) श्रीकृष्ण (१२) दुर्योनध को [१३] प्रसन्न ॥ १२ ॥(१४)मार(१५)अब[१६]अपजस

मुहि जान मूर्छितकर्न बान चलान तजिइहिंवार
हौं करौं नहि रन कर्न जोलौंचक्रलैंहिनिकार१३
उत पत्थके धनु बान गुन, कछु करैं वत्तसहास
वरवीर कर्न अधीर उरनिच, वढिगकछुविश्वास
बड तीरतोम अपार माए, पत्थ इषुधी मांहि,
पैं पत्थको जस कर्नमनदधिवीचमायोनांहि १४

॥ कर्णवचन ॥

॥ छंद्मनहर ॥

वदरी बंबूर वट बांस बेत वंजुल का,
जीवनजरीपैं परी निजर निहारौं मैं ।
विंध्याचल अस्ताचल उदयाचलादि कौन,

॥१३॥(१)अर्जुन के धनुष, बाण और प्रत्यंचा ये तीनों कुछ हास्य सहित बात करते हैं (यहां छल से कर्ण को मारनेका पाप किसको लगैगा? प्रत्यञ्चाने कहा, भालको क्योंकि यह शरीर के भीतर घुसकर प्राण हरण करने वाला है. भालने कहा. प्रत्यञ्चा को, क्योंकि इसने मुझकोफैंका, प्रत्यञ्चाने कहा धनुषको, क्योंकि इसने मुझ को सिर पर चढा रक्खी है. धनुषने कहा तूने मेरा कहना क्यों माना?) (२) बाणों का समूह (३)भातेमें (४) मन रूप समुद्र में माया नहीं. यहां दोनों जगह अधिक अलङ्कार है ॥ १४ ॥ (५) बेरका वृक्ष (६) वड़ (७)अशोक (८) अस्त पर्वत.

चिंतामनिकनिका लौं तिनकासे धारौं मैं ॥
बोरैं गिरि केक लैं हिलौं रैं ऐसे सातोंसिंधु,
अमृतकी अंजलितैं जाहर बिसारौं मैं॥
प्यारतौ परैं हीपैं मवीन पत्थ रार पर,
सल्य सठ प्यारसौहजार वार डारौं मैं॥१५॥

॥ दोहा ॥

सल्य सार्थि तूं मित्रहै, अर्जुन वहैं अमित्र ॥
तूं दुखकृत सुखकृत वहैं, चित ममदोहुनचित्र१६

॥ सल्यवचन ॥

हौं दुखकृत सुखकृत वहैं, जानहु कतिछिन जाय
अमर्र करहिँ हरि आपकौं,पार्थ पीयूषपिवाय १७

॥ छंदवैताल ॥

कहि कान्ह अंरिपै दया आनतकौनयह अज्ञान
रथसल्लजुत ह्वैं करन तौ का जैमहु लौं इहिंमान
रथचकृथितचित सल्लगत मरसकै तौ इहिंमार
नहि तौ त्रिलोकियबीच कौँनसुजोलरैंललकार

(१) तृण समान (२) डुबोदेवैं पहाड़ों को (३) समुद्र (४) भूलजाऊं (५) लाखदफा ॥ १५ ॥ (६) शत्रु [७] आश्चर्य ॥ १६ ॥ (८) नहीं मरनेवाला (९) अमृत ॥ १७ ॥ (१०) शत्रु पर (११) यमराज भी ॥ १८ ॥

सुनि पत्थ गत्थ समत्थ सर दियकर्नकेतुगिराय
जिहिं साथही कुरुनाथ जिय जयआस परिग
कुभाय ॥
कछु करन साजिकबानकौंसरसीसकट्टियकर्न
सिंसुगैंदकी गति ऊर्द्धरक्खियधरनिगिरियनसर्न
मुख करनको रनभूमिनभ विचदिपतचंदसमान,
बरवीरकीछबिछाकिभनिभटजियतकोजयौंभान
अर्थीन तुण्डनकौं तकैं दिपतो रवतुण्ड सुनूर,
तिहिं वार तेज विथांरतैं छविवारत्यों सुतसूर २०
सिर गैनमैं थितसेनदुहुँथितचकितराहियनिहारि
सुनिहार सुर सुरनारि देकर तारि सुमगनडारि
अति सरन लाघव धन्य नर नभ वजिगवाद्यन

(१) बाण (२) ध्वजा (३) हाथों से (४) बालक की गैंदके जैसे(५)ऊपर आकाश में (६) बाणों से पृथिवी पर न गिरनेदिया ॥ १९ ॥ (७) युद्ध भूमि और आकाश में।(८)दूसरे योद्धा उसको मानों जीता हुआ जानते हैं (९) याचकों के मुखोंकी तरफ (१०) अपना (कर्ण का) मुख (११) तेज के फैलाव से (१२) सूर्य पुत्र (कर्ण) ॥ २० ॥ (१३) आकाश में ठहरा हुआ (१४) देवता और अप्सराएं (१५) ताली दे दे कर (१६) पुष्पों का समूह (१७) आकाश में बाजे बजे

छंद ॥

कुरु रुदनजल छिरकाव किय दल पांडु नचिय स्वछंद ॥ २१ ॥

नर स्यामहो भटकर्नमारि सुकीर्ति भोसितबाम
सश्रन विहीन रु श्रमितमारघोश्रपसस्सौं भोस्याम
जित करन स्पंदन पीठ दैं थित जियतबैठोजानु
दिपपत्थसरजबपरियधरतबछांहपुरुषहिंमानु २२
पंचत्व रिपुकौ पत्थ पेखिय देवदत्त बजाइ,
हरि पांचजन्य युधिष्ठिरादिक स्वस्व संख सुनाइ
सब सत्थ भेटिय पत्थसौं रथजुक्त हरिहिं बधाइ
उहिंथानहीनर ज्वानकेअभिमानउबक्योश्राइ२३
वर मुच्छ तानिय ह्हां गुँमानियभाखवानियबीर

(१) आंसुओं के जलसे (२) अपनी इच्छा से ॥२१॥ (३) पहले अर्जुन काले वर्ण वाला था (४) सफेद और सुन्दर हुआ (५) पसीना युक्त थका हुआ [६] फिर श्याम वर्ण हुआ. यहां प्रथम पूर्वालङ्कार है [७] रथ [८] धड़ [९] मानों कर्ण का छायापुरुष पड़ा. यहां छाया पुरुष का सूर्य के साथ संबंध होने से शिर रहित देहके पड़ने में छायापुरुष की उत्प्रेक्षा है ॥ २२ ॥ (१०) मरना [११] देवदत्त नामक शंख (१२ श्रीकृष्ण [१३] अपने ॥ २३ ॥ [१४] अभिमानी

जमराजकौं तृनराज जानिय ताहि हानिय तीर
थिर[1] लक्ष भेदे केक मैं विन टेक बान विहार ॥
घट[2] सीस लिय चक्र[3]सज्यौ लौं चक्रतैं घटसार
अभिमानकी यह बातमान रु कान्ह जंपि[4]जबान
जिन मिलि रु मार्यौ कर्नकौं तिन नाम सुन-
हु सुजान ॥२४॥

॥ छंदमनहर ॥

टेढी भूल[5]जैहैं विद्या भूमि[6]मूल जै हैं चक्र,
जामदग्नि विप्रसाप[7] वक्र व्हैबौ भार्यौ रे ॥
भीमकौं जहर दैनें सुवसुसहर[8] लैनें,
द्रौपदी चिकुरच्वैनें[9] एवज विचार्यौ रे ॥
लाखागृह दाह[10] दैनें सकुनिकौ वाह दैनें,
अद्भुत उछाह व्हैनें दुक्खदाय धार्यौ रे ॥
द्रोनकौं कुज्ञान[11] दैनें बालक[12] धनुख लैनें,

---

(१) स्थिर निशान (२) घड़ा रूप सिर (३) चाक से कुम्हार के जैसे (४) कही।२४। (५) विपत्ति में भूल जायगा शस्त्र विद्या को (६) जमीन में गड़ जावेगा रथका पहिया (७) परशुरामजी का शाप (८) अच्छा है धन जिसमें ऐसा शहर (इन्द्रप्रस्थ) (९) केशों के देखने ने [१०] जलादेने ने [११] कुबुद्धि (१२) अभिमन्यु.

मैंनैं अरु तैंनैं मिलिवीर कर्न मार्यौ रे॥२५॥

॥ छंदवैताल ॥

जिहिंबेर हरिमुख हेर हुव नर जेर सीस नवाय
तिहिंबेर आपहिकर्नरथकोचिक्रनिकर्यौआय॥
रथहाकिलज्जित सल्य गो थित हो सुजोधनतत्र,
बिन कर्न रथ लखि सल्यकौं किय कूक म-
नहुँ कलत्र ॥२६॥
जिय आस तजि जय आस तजि कुरु आस्य
देखिय कर्न ॥
पूर्नाहुती मखं पूर्न त्यौं रन पूर्न रविसुत मर्न ॥
नृपसुयोधनकौं करन रनकी कथा सल्यसुनाइ

॥ दुर्योधनवचन॥

हा कर्नगति लख मेरे हम जय पाण्डवन लि-
य पाइ ॥ २७ ॥
फिर कही संजय अंधसौं वर वीर कर्न विलाय
दुस्सासन रु दुस्सुन तव वर गये संग कुभाय ।

॥ २५ ॥ (१) श्रीकृष्ण का मुख (२) पहिया स्वयं निकला (३) मानों स्त्रीने ॥ २६ ॥ (४) मुख [कर्ण का] (५) यज्ञकी पूर्णाहुति रूप (६) कर्ण का मरना ॥ २७ ॥ (७) धृतराष्ट्र से

वदि अंध बूडिय नाव जित परिवारथितनरव्रात[1]
सुनिताहि रोवै ताहिविधि[2] किय याहि विधि
विधि[3] घात ॥ २८ ॥
रन उदधि[4] पारथ मच्छनैं सरपुच्छ प्रेरि[5] बुडाय,
सुनि मरन घनभटकरनको[6]सुअनाथ[7]ममसमुदाय
वपु ज्यौं न भात[8] करेजवाविनुवक्र[9]ज्यौंविनुनाक
विनु दिप्ति नैन कनीनिका[10] विनु अमृत थित
घट[11] पाक ॥ २९ ॥
धम्मिल्ल[12] विनु तिय मल्लसरविनुवास[13]नासुमव्रात
मनु कीन्ह विधि[14] विधिहीननैं स्तनहीन कृशसि[15]-
सु मात ॥
गुनग्राम[16] गुनिज्यौंवीसरैंदुखधाम[17]भिरिविजखात

(१)जैसे परिवार सहित बैठाहै मनुष्योंका समूह जिसमें ऐसी(जहाज)(२)इसी रीतिसे(३)ब्रह्माने प्रहार किया।२८। (४)समुद्र(५)बाण रूप पूंछ चलाकर(६)बेमालिक(७)मेरा परिवार (८) शरीर कलेजे के विना नहीं शोभताहै(९) "न भात" इस पदका सबके साथ अन्वय करना चाहिये [१०]मुख(११)आंखका तारा(१२)घड़ा॥२९॥(१३)केशपाश (१४) सुगन्ध के विना पुष्पों का समूह (१५) मानो ब्रह्माने (१६) दुबले लड़के की माता को स्तन हीन किया (१७)गुणों का समूह (१८) दुःखका घर

छवि वाम मम दल वाम की इहिं जाम यौं म-
न आत ॥ ३० ॥
विनु शृंग वृषभ रु दंत विनु द्विपं अमनि मनि-
धर त्यौंहि ॥
विनु करन मम सुत लरनकी छवि आज दी-
खत यौंहि ॥
दुहुँ दलन देखत करन तनु तजि तेजगोरविबीच
षट् घरी दिन हो काल यह गति कौन अति
मति नीच ॥ ३१ ॥
दुखसाथकौं इक साथदीखतपाथभजिकुरुफौज
कुरुनाँथ मूछहिं हाथ कैं कहिवातअद्भुतओज
नरभीम कृष्णहिं मारि लैहौ कर्न वैर निकारि,
पञ्चिससहस्र अत्रान लैधनुवानालियकरधारि३२
कटुवेष रोष असेषैं लखि भनिभीमरहहिंनएक

॥३०॥[१]सींगके विना वैल(२)हाथी(३)मणि विना सर्प(४) मेरे पुत्र (दुर्योधनादिक)(५) सूर्य मण्डल के मध्य में [६] छः घड़ी दिन अस्त होने में बाकी था ॥ ३१ ॥ (७) दुर्योधन ने (८) आश्चर्य करनेवाला है पराक्रम जिसका (९) अर्जुन (१०) हजार ॥ ३२ ॥ (११) तीखा या भयंकर भेष और क्रोध जिसका (१२) सबको (१३) भीमसेने कहा.

तित धृष्टद्युम्न पचीससहस्रन प्रान लियधरिटेक
सात्यकि रु माद्रिजनैं कर्यौ गंधार सेनानास
वनि निठुर मारे सत्रु घन रन नरेन्द्र लिय मुख
घास ॥ ३३ ॥

फिर पत्थनैं बहु हत्थि मारिय मत्थं दंतन फारि,
फिर साथसौं कुरुनाथ भाखिय हाथउंद्ददकारि
मत मुरहु रनतें लरहु हौं अब करहुं पंडुननास
घनखितनलैं तन जीर्नउदूघनघटतकेतक स्वास
फिर अरि सुयोधन अरिनसौं अहि भांत लेत
उसास ॥

सर जोरि धनुष उठाय कहि जयमोरमूर्द्धनपास
नर भीम सुनियैं निबल हतवै प्रवलतानगनाइ,
डरें जोरतौसर जोरकैं इहिं ओरजुट्टहु आइ ३५

---

[१] नकुल और सहदेव (२) मनुष्यों ने मुख में तृण लिया (भयसे) ॥ ३३ ॥(३)मस्तक (४) ऊंचा कर और पुकारकर (५) युद्ध से मत हटो (६) बहुत घावों से जीर्ण जो शरीर था (७) वह मानों खाती का उद्‌घन था (जिस पर लकड़ी रखकर छोलताहै वह सछिद्र काष्ट विशेष) ॥ ३४ ॥ (८) शत्रुओंसे (९) सर्प के जैसे (१०) मेरे मस्तक के (११) यदि छाती में बल है ॥ ३५ ॥

कुरुनाथ कोप प्रकासनासन कीन सूतजनास
कुरुनाथ कोप प्रकास सो भो पूर्वरूप प्रकास॥
त्रेहुँ समहिँ जुट्टिय हुहुनदलपैं त्रियही परि तत्थ
नरँ हत्थि घोरन लुथ्थ लुथ्थन भूँ भरी सह
मत्थ॥३६॥
कति परे घायल मरे सिरपर परे घोरनँ पाय॥
गिरिपैं चलैं त्यौं उदर ओरन चले डेरन आय॥
सौभाग्यधारी नंठपनारी ओनैंसारी सीस॥
हुव लाल भुव तिहिँ चालकी उपमा सु व्यास
कवीस॥३७॥
गुनैं बिंदु पद्म कविंद तो इहिँ छंद उपमा गात
सुतवारँ सोक अपारतैं रविवार तेज प्रपात॥
सुर असुर चारन सिद्ध हाहाकार करि गगथान

(१)कर्ण का मरना(२)दुर्योधन के क्रोध का प्रकाश हुआ इसलिये यहां पूर्व रूप अलङ्कार हुआ (३) तीनों अर्जुन, भीम और दुर्योधन एक साथ भिड़े [४] मानों तीनों ग्रह राहु, केतु और शनि पड़े(५)मनुष्य (६) जमीन भरगई॥३६॥ (७) घोड़ों के पैर पड़े (८) पहाड़ पर (९) दुलही (१०) लाल रंग की साड़ी है सिर पर जिसके॥३७॥ (११) अल्प गुणवाला (१२) पुत्र संबन्धी शोक से मानों सूर्य का तेज पड़गया

थित सरित रोवत सरितपति गिरि फटिग छि-
गि असमान ॥ ३८ ॥

उलका परे धरधूजिदिसजरिब्रच्छसुक्कजिहान
मृत करनकी हग जरनि लखि अरि अरनित-
जि प्रिय प्रान ॥

बनि चक्र धावत उत न आवत सर्बपांडवसूर,
जिम पूर कातर व्है तिन्हैं तजि दूर हेरतहूर ३९
जब प्रान छंडिय ज्वान कर्नप्रयोनकियसुरथान
तिहिं जानि घनघबरानसौं दलचलिगडेरनजान
कहि सल्य नृपकौं जुद्ध भो भलचलहुडेरनमाहि
छुभिलरैंनरसौं लोभधरसौं छिनकमैंमरिजाहि४०
ध्वजरहित रथ ले कर्नको इत हौं खरोहौं एक
अरु एक तू धरि टेक जुट्टत अरिन थट्ट अनेक
लैं फौज हत्थिहजार लैं गो सकुनित्यौंनृपचाल

(१)नदियां बहनेसे ठहर गईं(२)समुद्र(३)पर्वत फटगये।३८।
(४)पृथिवी(५)वृक्ष सूख गये(६)मरे हुए कर्ण के नेत्रों का जलना देखकर (७) शत्रुओं ने प्राणों जैसे प्यारे भी भिड़ने को छोडदिये (८) गोल होकर (९) अत्यन्त कायर (१०) अप्सरा ॥ ३९ ॥ (११) स्वर्ग में गमन किया (१२)पृथिवी का क्षोभ ॥ ४० ॥ (१३) समूह (१४) हे दुर्योधन.

करि समर फुरकत अधर[2] गो फिर द्रोनसुत[3]
विकराल ॥ ४१ ॥
सुनि सल्य वाक्य न पेलिं[4] रन अरि पेलि आ-
यौ सांझ ॥
मृति करनतैं[5] सुतराजसुखजयजसभयेसुतबांझ[6]
दानिय गुमानिय सत्यबानिय स्वामिमानियसूर
तिहिं करन मरन भयो सु तौ धृतराष्ट्र मति म-
रि मूँर[7] ॥ ४२ ॥
गिरि पर्यौ[8] नृपअतिकूकिकियगंधारजाउत[9]आइ
लखि नाँहकौं[10] करिं आहपीटियसीसउँर[11]घबराइ

॥ छंद घनाच्छरी ॥

करनमरनबारे बैंरन[12] करन परे,
आई घबराई व्हां गंधारजाई भूपमात[13] ॥
गिरत उठत उठि रहत लुठत लुठि,

(१) युद्ध करके (२) होठ (३) भयंकर अश्व-
त्थामा ॥ ४१ ॥ (४) उल्लंघन नहीं किया किन्तु माना
(५) कर्ण के मरने से (६) पूर्वोक्त चारों बांझके पुत्रके
जैसे हो गये (७) तेरी बुद्धि मूल अर्थात् जड़ से नष्ट हुई
॥ ४२ ॥ (८) धृतराष्ट्र पड़गया (९) गंधार राजाकी बे-
टी (गांधारी) (१०) पति को (११) छाती और मस्तक
॥ ४३ ॥ (१२) अचर कानों में पड़े (१३) दुर्योधन की माता

रहत चहत लख्यौ कनँहिं कहां लखात ॥
तकत रहत लकि बकत रहत बकि,
चकत रहत चकि झुकत स्वसित[1] गात ॥
जावत दसहुँ दिस रोवत दसहुँ दिस,
धोवत बदन[2] तन वहत रुदनव्रात[3] ॥ ४४ ॥

॥ छंदबैताल ॥

मिलि करनमरनउछाहतैं जदुनाहपारथबीर,
फिर कान्ह फेरिय पाँनिनरमुखबानिकहिगंभीर
तुवजन्म हुव नभबाँनि हुवसिंसुहुवअनूपमअच्छ
वह बानि लोकन जानि रक्खिव सत्य हुव सु
प्रतच्छ ॥ ४५ ॥

॥ छंद मनोहर ॥

जहरसलाह अरु लाखागृह दाह अरु,
द्रोपदीकी आहसौं क्रोंह जिय जारयौ तैं ॥
छहौं फिरि फेर सुत जेरकर मारयौ हेर,

(१) श्वास युक्त है शरीर जिसका (२) मुख (३) आंसुओं का समूह ॥ ४४ ॥ (४) श्रीकृष्ण (५) अर्जुन के मुख पर हाथ फेरा (६) आकाशवाणी (७) बालक (अर्जुन रूप) (८) अच्छी तरह प्रत्यक्ष ॥ ४५ ॥ (९) लाख के घरका जलाना (१०) छिलकर (११) अभिमन्यु.

दीन सबबैर दाव बिद्दद बिचार्‌यौ तैं॥
मूलग्रंथ धार्‌यौ कै सटीकग्रंथ धार्‌यौ धीर,
प्रत्यनीकालंकृतिकौं प्रगट पसार्‌यौ तैं॥
भीमपन पार्‌यौ कुरुभूपकौं न मार्‌यौ वाको,
प्रानप्रिय भार्‌यौ रन करन पछार्‌यौतैं ।४७।

॥ छंदवैताल ॥

नरनाथ देखत पाथकौं सुख नैन आनँदनीर,
सब पांडुसात्यकिआदिदे मिलिभीरिभीरिसरीर
उत सूर गत अस्ताद्रि इत कृष्णादि डेरन आय
भीमादिभटनसुव्रातकौं श्रीकृष्ण कहिसमुझाय
जो हुते तुमसे वीर तो जय कीन्ह अरिदलजेर
अब सजहु निसि पुनि जुद्ध व्है है करन मरन करेर ॥
नरनाथसाथ सलाहकैं हम आयहैं चलचाल ॥
निजजोरखग्गनजोरसौं सरजोर डोलहुलाल४९

(१) सुनकर (२) भीमसेन की प्रतिज्ञा (३) दुर्योधन को (४) प्राणों का प्यारा था ॥ ४७ ॥ (५) हर्ष के आंसू (६) उधर सूर्य अस्त पर्वत पर गया (७) योद्धाओं के समूह को ॥ ४८ ॥ (८) शत्रुसेना (९) रात में (१०) क्रूर (भयंकर) (११) हे प्यारे! तुम फिरो ॥ ४९ ॥

नरहरि रु नर नृपपदनमैं परिकरनमरन सुनाय

॥ कृष्णवचन ॥

जय रहत तितही रहत जितही धरम धरम
सहाय ॥

दिय जहर भीमहिँ कहर जँतुघर लहर जारन
कीन्ह ॥

लियराज छीन रु दीनद्रोपदिदाह वहउरदीन्ह५०

कटुबानि आनिय द्रौपदिहिँ पटु पुत्र छद्मसराय

ललकारि तिहिँ रन मारि आयव परत नर तुव
पाँय ॥

नृप हेरि हरिमुख फेरि करपुनिहेरिहरिनसुभाय

अति स्वचितव्है स्तुतिकीन्ह तव अवतार व्या-
स बताय ॥ ५१ ॥

॥ अथ युधिष्ठिरकृत श्रीकृष्णस्तुति ॥

॥ दोहा ॥

---

(१) श्रीकृष्ण और अर्जुन दोनों युधिष्ठिर के चरणोंमें पड़कर (२) जहां धर्म की सहायता वाला धर्म (युधिष्ठिर) है (३) भयंकर (४) लाख का घर ॥५०॥ (५) कपट से (६) अर्जुन तेरे पैरों में पड़ता है (७) घोड़ों को (८) अत्यन्त निश्चिन्त हो कर ॥५१॥

मलिन मोर मन स्वच्छ तूं, व्यापकतूं विसरीर
कहि न सकौंनहिंरहिसकौं,विनतीयौंजदुवीर ५२

॥ छंद् वैताल ॥

अवतार विंस रु च्यार रावरचारुमतिकृतिव्यास
तिहिं कहे मैं सुनि गहे तिनकौ कहौं कछुक
विलास ॥

जिहिंभांति स्वर्नादिकनके कटकादिभूखनहोत
आकृति उपाधि उठायलैं स्वर्नादि इकहिंउद्योत
इहिंभांति मायाकी उपाधियतैं भये अवतार,
हठदुष्टतारन भक्ततारन वेदमत विस्तार ॥
धृतध्यान अतिमतिमान कहत बखान जे ऋ-
षि धीर ॥

---

[१] मेरा मन मैला है पूर्व पापों से (२) निर्मलता (३) शरीर रहित ॥ ५२ ॥ (४) आपके बीस और चार अर्थात् चौबीस अवतार हैं [५] श्रेष्ठ बुद्धिवाले और पण्डित श्रीवेदव्यासजी ने [६] प्रवृत्ति [७] जिस तरह आकृति उपाधि से सोना आदि धातुके कड़े वगैरः गहने होते हैं [८] प्रकाश ॥ ५३ ॥ [८] इसी तरह माया रूप उपाधि से आपके वराह आदि अवतार हुए हैं (१०) दुष्टों को ताड़न अर्थात् दण्ड के लिये (११) भक्तों की रक्षाकेलिये (१२) वेदका मत फैलाने के लिये (१३) धारण किया है ध्यान जिन्होंने ऐसे और अत्यन्त बुद्धिमान्

मायाउपाधियकोमिटैंजुहि सेस सुहि जदुवीर५४

सनकादि हरिपैं जातहे जय बिजयरोकिकुवाँन,
तिन साप हुव हिरनाक्ष भ्रात हिरन्यकशिपु सु
आन ॥
हरिसौं मिलन त्रय जन्मसौं हरिनाक्ष हरि लि-
य भूमि ॥
तिहिं मारि रक्खिय डंष्ट्रपैं भ्रुव ताहि वंदौं
घूमि ॥ ५५ ॥

वर ब्रह्मचारिय विधिज सनक सनंदनहुहरिअंस,
तपतोमंमूर्ति सनत्कुमार सनातनहु सुप्रसंस॥
वयं पंचवर्ष रु नष्ट व्याप्यो आत्मज्ञान सु फेर,

---

(१)अन्त में जो बाकी रहता है वह आप ही हो ॥५४॥ (२) वैकुण्ठवासी विष्णु के पास (३) जय और विजय नामक द्वारपालों ने रोके (४) कटु वचनों से (५) उन के शाप से ये दोनों दैत्य हुए (६) फिर नम्रता करने पर तीन जन्म से विष्णु के दर्शन होजावैंगे ऐसा सनकादिकों ने वर दिया (७)डाढ पर पृथिवी को(८)उस वराह अवतार को परिक्रमा देकर नमस्कार करता हूं. ॥ ५५ ॥ (९) ब्रह्मा से पैदा हुए (१०)विष्णु के कला रूप (११) तपस्या का समूह रूप है मूर्ति जिनकी (१२) अवस्था.

मानसिय सुष्टिय कीन मोरे प्रनाम वेरहिवेर५६
मनुकी सुता आकूतिकौं रुचि नाम ऋषि लि-
य व्याहि ॥

तिनतैं भये हरि जज्ञनाम ललाम भक्तन चाहि
पति जज्ञ त्यौं तिय दच्छना जग कीन मख
विस्तार ॥

किय पुष्ट सुर संतुष्ट किय तिहिंसुष्टुपदनतिवार
पितु मात धर्म रु मूर्ति नर नारायनहु तपधाम,
बदरिकाश्रम हुव सुखित जनडरिइंद्रप्रेरियकाम
हुव विफल मारुत सर रु अच्छर पंचसरपरिपैर
दिय अभय इंद्रहिंडरवसीनंत इंद्र हौं गुनवैर५८
देवहुति कर्दम मात तात जुकपिलसांख्यकतीस

(१) मन से पैदा होने वाली (२) मेरा प्रणाम बारम्बार है ॥ ५६ ॥ (३) स्वायंभू मनु की बेटी [४] यज्ञ नामक विष्णु (५) भूषण रूप (६) यज्ञ का (७) अच्छे चरणों में बारम्बार नमस्कारों का समूह है ॥ ५७ ॥ (८) तपस्या का घर (९) बेर के वृक्षों में इनका आश्रम हुआ (१०) निष्फल (११) पवन (१२) कामदेव (१३) इन्द्र ने नमस्कार किया (१४) मैं पद्मसिंह कवि. मेरे गुणों का विरोध हो अर्थात् दुर्गुणोंवाला हूं ॥ ५८ ॥ (१५) सांख्य शास्त्रका आचार्य.

दे बोध[1] मातहिं गये सोरौं[2] करन तप जगदीस॥
क्रतुअस्व[3] हेरत हे सगरसुत[4] लखिकपिलकेपास
वदि कुवच सुनि ऋषि भस्म कीने जरहिं मम[5]
दुख खास ॥ ५९ ॥

अत्रि पितु अनुसूया सुमाता पुत्र दत्तात्रेय,
अवतरे[6] हरि नृप सहस्रार्जुन[7] सेवि पायो श्रेय[8] ॥
आन्वीक्षिकी[9] विद्या लई प्रहलाद[10] आदिकध्यान,
जिहिंचतुर्विंसतिगुरु किये[11] तिहिंमोर[12] प्रनतिअमान
नाभि नृप मेरुदेवि सुत हुव ऋषभ ब्रह्मविचार[13],
इंद्रजित[14] क्षत्रिय धर्म[15] सजिय तीन आश्रमसार॥
भो भरत ज्येष्ठ सुपुत्र तातैं भरतखंड सुनाम,

---

(१) ज्ञान (२) सोरौं नामक तीर्थ पर (३) यज्ञ का घोड़ा (४) साठ हज़ार सगर के पुत्र (५) मेरे दुःखों की खाई वा मुख्य दुःख जलेंगे ॥ ५९ ॥ (६) विष्णु ने पृथिवी पर जन्म लिया (७) कार्त्तवीर्य राजा ने जिनकी सेवा करके (८) मोक्ष (९) न्याय शास्त्र रूप विद्या (१०) प्रह्लाद आदि शिष्यों ने (११) जिसने चौबीस गुरु किये उस दत्तात्रेय को (१२) अनेक प्रणाम ॥ ६० ॥ (१३) पर ब्रह्म का ज्ञान अपने सौ पुत्रों को दिया (१४) इन्द्र को जीतनेवाला (१५) क्षत्रियों का धर्म प्रकट किया.

सुत[1] आठ आठौं खंडपति नवसंहित[2] दशम प्रनाम ६१
उत्तानपाद सुनीति सुत ध्रुव सुरुचि नाम विमात[3]
पितुगोद बैठत हठकदिय गोजहांगुंनिजखिमात
कहि[5] हरिहिं भज सुख होयगो वन[6] दीन नार-
द मंत्र ॥
तिहिं[7] जप्यौ हरि वर दीन्ह वांछित ताहि[8] प्रन-
ति स्वतंत्र[9] ॥ ६२ ॥
नृप वेनको कर[10] मथ्यौ दच्छिन भयो पृथुअ-
वतार ॥
करें[11] बामके मथनैं सुप्रगटी अर्चितीय सुप्यार॥
पदं[12] पद्म रेखा हस्त संख गदा रु चक्र सजोर,

(१) ऐरावत आदि आठ पुत्र (२) भरतादि नौ पुत्रों के साथ दशवें ऋषभदेवजी को ॥६१॥ (३) दूसरी माता (४) समझ कर "जहां माता बैठी थी" वहां गया (५) माता ने कहा विष्णु की सेवा कर (६) वन में नारदजी ने मंत्र दिया (७) उस द्वादशाक्षर रूप मन्त्र को (ओं नमो भगवते वासुदेवाय) (८) उस ध्रुवकेलिये (९) स्वतन्त्रताकेलिये ॥६२॥ (१०) राजा वेन का दक्षिण हाथ ऋषियों ने मथा [११] और साथ ही बायें हाथ के मथने से अर्चि नामक स्त्री प्रकट हुई (१२) चरणों में.

निष्फल[1] मही मथि नाम पृथ्वी कीन तिहिं[2] न-
ति मोर ॥ ६३ ॥
विधि द्योस बीतैं[3] प्रलय[4] भो जल लीन हुव स-
ब जीव ॥
बाढ्यो[5] जु फेनन[6] समल[7] जल उपज्यौ असुर[8] ह-
यग्रीव ॥
विधि[9] सुप्तके वेदन हरे तिहिं जोर इच्छित सिद्धि
विधिहूंतदीनेआनि[10] है हयग्रीव[11] तिहिंनतिवृद्धि ६४
दधि[12] मथनकौंसुरअसुरमिलिवासुकियनेताकीन
मंद्राचलहिं मंथान[13] किय नांखतहि भोजललीन
हरि[14] कमठ हुव तिहिं पीठ लिय निकसे चतुर्द-
सरत्न[15] ॥
दसदीह ओरन च्यारलीन्है सुनति पद्मसयल[16] ६५

(१) फल रहित पृथिवी को (२) उस पृथु अवतार के लिये ॥ ६३ ॥ (३) ब्रह्मा का दिन बीतने पर (४) नैमित्तिक प्रलय हुआ (५) बढ़ा (६) झागों से (७) मैल सहित (८) हयग्रीव नामक दैत्य (९) सूते हुए ब्रह्मा के (१०) ब्रह्मा के बुलाये हुए भगवान् ने (११) उस हयग्रीव नामक अवतार को ॥६४॥(१२)समुद्र (१३) बिलोने का दण्ड (रई)(१४)विष्णु कच्छप रूप हुए (१५) चौदह रत्न (कौस्तुभ आदि) (१६) पद्म कवि की साष्टाङ्ग प्रणाम है ॥ ६५ ॥

नृप सत्यव्रत सुचरित्रसौं अतितुष्ट हुव श्रीकांत,[1]
तुहि प्रलयवारि[2] बचायहौं व्है मत्स्य[3] कहिवृत्तांत
जे चराचर[4] नृप बैठि नौका बांधि मत्स्यविसान[5]
सब बचे तिहिं[6] बल ताहि विनु छल[7] पद्म कीन प्रनाम ॥ ६६ ॥

प्रहलादभक्तहिं त्रास[8] प्रेरि हिरन्यकस्यपु पीन,[9]
गुरुपत्निगन[10] गुरु मात मन वचहृतनपनहिप्रवीन।[11][12]
जलबोरि गिरि गज ज्वाल[13] दनुज[14] अनेक मरन उपाय ॥
इतिनटारिकैंप्रहलादरक्खिय श्रीनृसिंहसुभाय[15] ६७

सुरराज[16] दानवराज व्है बलिराज कीह्न विचार,
नवनवति[17] क्रतु कृति कीने कीन त्रिलोकि हा-

(१) विष्णु (२) तुमको प्रलय के जलसे (३) मच्छ अवतार धारण करके (४) स्थावर (पर्वतादि) और जंगम (मनुष्यादि) (५) सींग में (६) उस मच्छ के बल से (७) कपट रहित होकर ॥ ६६ ॥ (८) भय किया (९) वरदान से पुष्ट (१०) गुरु की स्त्रियों का समूह (११) आरैगा (पिता) (१२) प्रतिज्ञा में चतुर (प्रह्लाद) (१३) अग्नि की ज्वाला (१४) दैत्यादि (१५) अच्छी चेष्टावाले विष्णु ने श्रीनृसिंह अवतार करके ॥ ६७ ॥ (१६) इन्द्र होकर (१७) निनानवे यज्ञ.

हाकार ॥
जित कीनजावन दीन[१] पावन वनिग वामनविप्र[२]
कहि तीनपद भुव ली नहीं छललीन बलिकौं
छिप्र[३] ॥ ६८ ॥
झखराज[४] उग्र इलाजतैं गजराजकौं गहि लीन
किय जेर जलबिच गेरकैं तिहिंबेर[५] हे[६]हरि कीन
वह बानि कान पिछानिकैं तजि यान[७] ठानि
प्रयान ॥
प्रिय[८] पद्मजाहि परै रख्यो पक्षीसरक्खियप्रान[९]।६९।
किय प्रश्न नारद बुद्धिबारद[१०] मुक्सव सनकादि
त्यौंही विधाता[११] विपतज्ञाता विदिततत्व अनादि,
सुप्रसंस हरि[१२] हुव हंस उत्तर कीन संसय[१३] नास।

---

(१) गरीबों को पवित्र करनेवाला (२) ब्राह्मण रूप छोटे शरीर वाला [वामन अवतार] (३)जल्दी ॥ ६८ ॥ (४) ग्राहों के राजा ने (५) उस विपत्ति काल में (६) "हे हरि मुझको बचाओ" ऐसा शब्द किया (७) सवारी (गरुड़) को (८) प्यारी लक्ष्मीको भी (९) गजराज के प्राण ॥ ६९ ॥ (१०) बुद्धिका मेघ रूप (ज्ञान रूप जल देनेवाला) (११) ब्रह्मा के दुःखको जाननेवाला (विष्णु) (१२) विष्णुने हंस का अवतार लिया (१३) संदेहों का नाश किया ॥ ७० ॥

माया सु छाया ब्रह्म वृत्त सुपासहैंनहि पास७०
सनकादि सृष्टि न कीन कुपि विधि संभु भृ-
कुटी जात ॥
मानसी सृष्टि पिसाचआदिक कीन हॅरउतपात
नभवानतैं विध आनतनु लिय पूर्वतनु दुवअंग
